
दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



रणवीर ने जौहर को कह दिया ठरकी अंकल....



संजना धक धक का प्रचार न करने का मलाल ....

वर्ष : 09 | अंक : 319 | लखनऊ, 26 अक्टूबर, गुरुवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 64,948.66

निफ्टी 19,310.15

# रामराज्य की नींव हैं सरकार की लोकहित की योजनाएं : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ


अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाएं राम राज्य की नींव हैं और देश 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर को साकार होते हुए देखेगा।

दशहरा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हजारों साल पहले भगवान राम ने असत्य और अन्याय को हराकर राम राज्य की नींव रखी थी। उन्होंने कहा कि भगवान राम के आदर्शों का अनुसरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में करोड़ो गरीबों के लिए आवास, शौचालय, अन्न, स्वास्थ्य सुरक्षा समेत अन्य सभी आवश्यक बुनियादी चीजें सुनिश्चित कर दी गई हैं। आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि सनातन धर्म का विरोध करने वाले वही लोग हैं जो जातीय विषवमन कर सामाजिक व राष्ट्रीय एकता को तार-तार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 500 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद भगवान राम अयोध्याधाम में अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। यह पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि उसे यह दिव्य दृश्य देखने को मिलने जा रहा है। श्रीराम मंदिर के लिए काफी संख्या में लोगों ने बलिदान दिया है।ह्व उन्होंने कहा, ह्ल मंदिर के लिए शांतिपूर्ण और हिंसक आंदोलन हुए। एक दौर था जब न्याय दूर प्रतीत होता था। पर लोगों की सकारात्मकता के परिणाम से जब केंद्र व प्रदेश में एक विचारधारा की डबल इंजन सरकार बनी तो सौहार्दपूर्ण तरीके से भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा, धर्म केवल एक अनुष्ठान नहीं बल्कि जीवन का शाश्वत मूल्य है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया हुए कि सनातन धर्म लोगों को अपने कर्तव्यों, नैतिकता और नैतिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि ह्यडबल इंजनह्ण सरकार की कल्याणकारी योजनाएं राम राज्य की नींव हैं। आदित्यनाथ ने कहा, सिर्फ त्रेता युग में ही रावण की उपस्थिति नहीं रही है बल्कि हर कालखंड में दैवीय शक्तियों के साथ, राक्षसी प्रवृत्तियां भी रही हैं। उन्होंने कहा, ह्लयदि सकारात्मक ताकतें एकजुट व मजबूत होकर सदमार्ग पर चलेंगी तो राष्ट्र व समाज के हित में धर्म, सत्य व न्याय की विजय होती रहेगी। यदि समाज में बिखराव हुआ या नकारात्मक शक्तियां हावी हुईं तो वह आतंकवाद, नक्सलवाद, उग्रवाद, अलगाववाद, माफियाराज, अराजकता आदि के रूप में दिखाई देती हैं। इसलिए, समाज में सकारात्मकता और एकता को बढ़ावा देना सबकी जिम्मेदारी होती है। इससे पहले, विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार शाम गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की पारंपरिक शोभायात्रा निकाली गई। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली इस पारंपरिक शोभायात्रा का अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भी जबरदस्त उत्साह के साथ स्वागत किया। फूलों से सजे रथ पर गोरखनाथ मंदिर के महंत के पारंपरिक परिधान में शोभायात्रा की अगुवाई कर रहे गोरक्षपीठाधीश्वर का मुस्लिम और सिंधी समाज के साथ ही सर्व समाज के लोगों ने भी अभिनंदन किया। पीठाधीश्वर ने उन्हें आशीर्वाद दिया, उनके मंगलमय जीवन की कामना की और नौ दिन तक चले नवरात्र अनुष्ठान का प्रसाद दिया। नाथ संप्रदाय की विश्व प्रसिद्ध गोरक्षपीठ के कई अनुष्ठान अद्भुत और विहंगम हैं।

# भगवान राम से प्रेरणा लेकर दिल्ली सरकार लोगों की सेवा करने का प्रयास कर रही: केजरीवाल



अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मंगलवार को यहां लाल किले पर दशहरा समारोह में शामिल हुए और कहा कि उनकी सरकार भगवान राम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय राजधानी के लोगों की सेवा करने का प्रयास कर रही है।

लाल किला मैदान पर लव कुश रामलीला समिति द्वारा आयोजित दशहरा समारोह में केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि दिल्ली में हर किसी को अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ मुफ्त बिजली जैसी सुविधाएं भी मिले।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, भगवान राम हमारे आदर्श हैं। उनके जीवन और राम राज्य की उनकी अवधारणा से बहुत कुछ सीखने को है। हमारा प्रयास है कि कोई भी भूखा न सोए और सभी को दिल्ली में अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और बिजली मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### पिथौरागढ़ में आदि कैलाश के दर्शन कर लौट रहे छह श्रद्धालुओं की मौत

**नई दिल्ली,** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में धारचूला-लिपुलेख मार्ग पर लखनपुर के पास पांगला में मंगलवार को एक टैक्सी के काली नदी में गिर जाने से उसमें सवार सभी छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई। पिथौरागढ़ के पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि हादसा देर शाम हुआ जब श्रद्धालु आदि कैलाश के दर्शन कर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि अंधेरा होने और विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण अभी शवों की बरामदगी का काम शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह से तलाशी कार्य शुरू किया जाएगा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना का शिकार होने वालों में दो श्रद्धालु बेंगलुरू के तथा दो अन्य तेलंगाना के हैं और दो व्यक्ति उत्तराखंड के हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सड़क दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा उनके शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की है।

### उत्तर प्रदेश के महोबा में जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच हुई झड़प

**महोबा,** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में मंगलवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान अलग-अलग समुदायों के दो समूहों के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जिले के श्रीनगर इलाके में स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया गया और तीन लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बताया कि बाद में जुलूस रवाना किया गया और मूर्ति का विसर्जन शांतिपूर्वक कर दिया गया। महोबा की पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने बताया, घटना तब हुई जब श्रीनगर इलाके में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का जुलूस निकल रहा था, जिसमें लोग एक दूसरे पर गुलाल फेंक रहे थे। दूसरे समुदाय का एक व्यक्ति जुलूस देख रहा था और उस पर गुलाल गिर गया जिस पर उसने आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। उन्होंने कहा कि आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

### महाराष्ट्र में देसी पिस्तौल, 11 जिंदा कारतूस के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

महाराष्ट्र के बांद्रा उपनगर में दो देसी पिस्तौल और 11 जिंदा कारतूस के साथ 27 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। शहर में शिवसेना के दोनों गुटों की दशहरा रैली, दुर्गा मूर्ति विसर्जन और क्रिकेट विश्व कप मुकाबले को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच मंगलवार को रंगशारदा भवन के करीब यह गिरफ्तारी की गई। अधिकारी के मुताबिक, आरोपी की पहचान अमित किनाके के रूप में हुई है, जो नागपुर का रहने वाला है। उन्होंने कहा, खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा ने किनाके को दबोच लिया और उसके पास से स्टील एवं लोहे से बनी देसी पिस्तौल तथा 11 जिंदा कारतूस बरामद किए।

# 2004 से ही उद्धव के मन में थी मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा : शिंदे

अमन लेखनी समाचार

मुंबई, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को दावा किया कि उद्धव ठाकरे 2004 से ही मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा पाले हुए थे, लेकिन बात नहीं बनी। दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में अपने नेतृत्व वाली शिवसेना की वार्षिक दशहरा रैली को संबोधित करते हुए शिंदे ने यह भी खुलासा किया कि मुख्यमंत्री पद के लिए ठाकरे के नाम की सिफारिश करने के लिए दो लोगों को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार के पास भेजा गया था।

शिंदे ने दावा किया, उनकी (उद्धव की) इच्छा 2004 से ही मुख्यमंत्री बनने की थी लेकिन जुगाड़ काम नहीं आया। उन्होंने दिखावा किया कि उनकी इस पद में कभी दिलचस्पी नहीं रही है। सार्वजनिक रूप से कहा गया कि उन्होंने शरद पवार की सलाह पर (2019 विधानसभा चुनाव के बाद) जिम्मेदारी स्वीकार की।

मुख्यमंत्री ने दावा किया, लेकिन तथ्य यह है कि इस पद के लिए उनके (उद्धव के) नाम की सिफारिश करने के लिए दो व्यक्तियों को पवार के पास भेजा गया था। ठाकरे के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे शिंदे ने कहा कि चुनाव के बाद उद्धव ने मुख्यमंत्री पद के लिए दावा जताया।

# राहुल गांधी ने सत्यपाल मलिक का लिया इंटरव्यू

**पूर्व राज्यपाल ने कहा- मैं लिखकर दे रहा हूं, अब नहीं आएगी मोदी सरकार**

अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के साथ अपनी हालिया मुलाकात का वीडियो साझा किया। सत्यपाल मलिक ने राहुल गांधी से पुलवामा हमले, जम्मू-कश्मीर की स्थिति, अडानी और राजनीति में अपने शुरूआती दिनों के बारे में बात की। सत्यपाल मलिक ने 2019 पुलवामा हमले के लिए सरकार की खामियों को जिम्मेदार ठहराया था। इस इंटरव्यू में भी उन्होंने यही बात दोहराई। सत्यपाल मलिक ने कहा कि मैंने दो चैनलों को बताया कि यह हमारी गलती थी लेकिन मुझसे कहा गया कि इसे कहीं भी न कहें। मुझे लगा कि मेरे बयानों से जांच पर असर पड़ सकता है, लेकिन कोई जांच नहीं हुई। इसका इस्तेमाल चुनाव के उद्देश्य से किया गया। तीसरे दिन, पीएम मोदी ने अपना भाषण दिया जहां उन्होंने इसका राजनीतिक इस्तेमाल किया। पूर्व राज्यपाल ने कहा कि पुलवामा की घटना क्यों हुई? उन्होंने 5 विमान मांगे थे। अगर उसने मुझसे पूछा होता तो मैं तुरंत दे देता। मैंने बर्फ में फंसे छात्रों को विमान उपलब्ध कराया। दिल्ली में किराये पर विमान मिलना आसान है। लेकिन उनका आवेदन गृह मंत्रालय में चार महीने तक पड़ा रहा और फिर इसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद सीआरपीएफ जवानों ने वह रास्ता अपनाया जो असुरक्षित माना जाता था।

राहुल गांधी ने इंटरव्यू शेयर करते हुए लिखा, क्या ये संवाद ED-CBI की भाग दौड़ बढ़ा देगा? पुलवामा, किसान आंदोलन और अग्निवीर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर राज्यपाल, पूर्व सांसद और किसान नेता, सत्यपाल मलिक जी के साथ दिलचस्प चर्चा! मलिक ने कहा कि सीआरपीएफ की गाड़ी पर हमला करने वाला विस्फोटक लदा ट्रक करीब 10-12 दिनों से इलाके में घूम रहा था। विस्फोटक पाकिस्तान से भेजे गए थे। गाड़ी के ड्राइवर और मालिक का आतंकी रिकॉर्ड था। उन्हें कई बार गिरफ्तार किया गया और फिर रिहा किया गया। लेकिन वे खुफिया विभाग के रडार पर नहीं थे। पुलवामा पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जैसे ही उन्हें घटना के बारे में पता चला, वह शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए हवाईअड्डे गए।

राहुल गांधी ने कहा कि मुझे एक कमरे के अंदर बंद कर दिया गया था। मुझे ऐसा लगा जैसे यह कोई घटना हो। पीएम मोदी वहां थे। मुझे कमरे से बाहर निकलने के लिए संघर्ष करना पड़ा। यह काफी अरुचिकर था।

# अयोध्या में 22 जनवरी को होगा राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

## पीएम मोदी होंगे शामिल, कहा- धन्य महसूस कर रहा हूं

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, अयोध्या में पर रहे भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तारीख तय हो गई है। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। ट्रस्ट की ओर से नरेंद्र मोदी को निमंत्रण भेजा गया था। लगातार इस तरह की खबरें आ रही थी कि अयोध्या में बना रहे श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 14 से 24 जनवरी के बीच हो सकती है। अब इस पर मुहर लग गई है। 2023 के आखिर में राम मंदिर के प्रथम तल का कार्य संपन्न हो जाएगा। राम मंदिर निर्माण का कार्य काफी तेजी से चल रहा है।

श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में भगवान राम की मूर्ति की स्थापना की तारीख 22 जनवरी, 2024 तय की। नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि जय सियाराम! आज का दिन बहुत भावनाओं से भरा हुआ है। अभी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी मुझसे मेरे निवास स्थान पर मिलने आए थे। उन्होंने मुझे श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या आने के लिए निमंत्रित किया है। मैं खुद को बहुत धन्य महसूस कर रहा हूं। ये मेरा सौभाग्य है कि अपने जीवनकाल में, मैं इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनूंगा। इससे पहले अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के दृष्टिगत श्री राम रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सलाह दी कि जिन लोगों के पास प्रोटोकॉल है, उन्हें 22 जनवरी को प्रतिष्ठा समारोह के दिन अयोध्या नहीं आना चाहिए। ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने कहा कि मुख्यमंत्री, राज्यपाल और देशों के राजदूत जैसे संवैधानिक प्रोटोकॉल वाले लोगों को प्रतिष्ठा समारोह के दिन अयोध्या नहीं आना चाहिए, ताकि राम मंदिर समारोह में किसी को किसी प्रकार की असुविधा न हो। राय ने कहा, हम 22 जनवरी को उनकी सेवा नहीं कर पाएंगे और मुझे लगता है कि यहां का स्थानीय प्रशासन भी उनकी देखभाल नहीं कर पाएगा। सचिव ने कहा , अगले साल प्रतिष्ठा समारोह समाप्त होने के बाद 26 जनवरी से 22 फरवरी तक देश के हर प्रांत से लोग अयोध्या आएंगे। जिस दिन किसी भी राज्य के लोग आ रहे हों, उस दिन उस राज्य के मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं को आना चाहिए।


# मणिपुर के मुख्यमंत्री ने राज्य में जातीय संघर्ष भड़काया : आदिवासी संगठन आईटीएलएफ

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** कुकी-जो समुदाय के संगठन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस पूर्वोत्तर राज्य में मई में शुरू हुए जातीय संघर्ष को भड़काया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि राज्य में मेइती और कुकी समुदाय लंबे समय से साथ रहते आए हैं। इसपर, आईटीएलएफ ने सवाल किया कि मार्च 2017 में वर्तमान सरकार के सत्ता में आने से पहले दोनों पक्षों के बीच कोई झड़प क्यों नहीं हुई? नागपुर में आरएसएस की दशहरा रैली को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा, असल में संघर्ष को किसने हवा दी? यह (हिंसा) नहीं हो रहा है, इसे कराया जा रहा है। एक बयान में आईटीएलएफ ने आरोप लगाया कि उसके सवाल का जवाब मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह हैं। आदिवासी संगठन ने मणिपुर में स्थिति पर भी कई सवाल किये और पूछा कि हाल में केवल घाटी क्षेत्रों में सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून (अफ्सपा) क्यों हटाया गया और पहाड़ी जिलों में क्यों नहीं हटाया गया? मेइती मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहते हैं जबकि कुकी पहाड़ी जिलों की बहुसंख्यक आबादी है।

# मध्य प्रदेश: दिग्विजय के कन्या पूजन को लेकर किए गए तंज पर शिवराज ने पलटवार किया

अमन लेखनी समाचार



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह पर पलटवार करते हुए कहा कि वह उनका (शिवराज सिंह) और सनातन धर्म का विरोध करते-करते इतने नीचे गिर गए हैं कि बेटियों की पूजा का विरोध कर रहे हैं। दिग्विजय ने एक दिन पहले नवरात्रि में कन्या पूजन का अनुष्ठान करने के लिए मुख्यमंत्री चौहान को नाटकबाज करार दिया था। चौहान की ओर से किए गए पलटवार पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री पर कन्या पूजन जैसे पवित्र आध्यात्मिक कार्य पर भी वोट की राजनीति करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेतृत्व से देवी के रूप में कन्याओं की पूजा करने के सनातन संस्कार पर अपना रुख स्पष्ट करने को भी कहा है। कन्या पूजन देश के कई हिस्सों में नवमी या नवरात्र के नौवें दिन मनाई जाने वाली परंपरा है। चौहान और उनकी पत्नी ने सोमवार को अपने आधिकारिक आवास पर अनुष्ठान किया। इस दौरान उन्होंने कन्याओं के पैर भी धोये। चौहान द्वारा अनुष्ठान करने के बाद सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री एक बड़े नाटकबाज हैं जो झूठ बोलते हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने संवाददाताओं से कहा, ये पीड़ादायक है। कन्या पूजन सनातन संस्कार है और कल पूरा देश यही कर रहा था। आप (दिग्विजय सिंह) इसे नाटक-नौटंकी कहते हैं। ये आपके संस्कार हैं दिग्विजय सिंह।

चौहान ने कहा, मैं मल्लिकार्जुन खरगे और सोनिया गांधी से पूछना चाहता हूं...क्या बेटियों की पूजा करना नाटक-नौटंकी है? कांग्रेस का रुख क्या है? चौहान ने कहा, दिग्विजय सिंह जी, आप शिवराज सिंह और सनातन धर्म का विरोध करते-करते इतने नीचे गिर गए हैं कि बेटियों की पूजा का विरोध कर रहे हैं। चौहान के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कमलनाथ ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कन्या पूजा जैसे पवित्र धार्मिक और आध्यात्मिक कार्य पर भी वोट की राजनीति करेंगे।

उन्होंने कहा, यदि आप कांग्रेस के कन्या पूजन को लेकर इतने चिंतित हैं तो हमारे राष्ट्रीय नेताओं से पूछने की क्या जरूरत है? महानवमी के शुभ दिन (सोमवार को) पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में कन्या पूजा और भंडारा का भी आयोजन किया गया।

# इजराइल-फलस्तीन संघर्ष में नागरिकों की मौत गंभीर चिंता का विषय

**भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा**

अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** भारत ने इजराइल-हमास में जारी संघर्ष में बड़े पैमाने पर आम नागरिकों की मौत और सुरक्षा की खराब होती स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए सभी पक्षों से शांति के लिए आवश्यक परिस्थितियां बनाने और तनाव कम कर सीधी बातचीत फिर से शुरू करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी उपप्रतिनिधि आर रवींद्र ने मंगलवार को पश्चिम एशिया की स्थिति पर सुरक्षा परिषद की बैठक में यह टिप्पणी की। रवींद्र ने कहा, भारत बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और संघर्ष में बड़े पैमाने पर आम नागरिकों की मौत से बहुत चिंतित है। बढ़ता मानवीय संकट भी उतना ही चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बढ़ती शत्रुता ने न सिर्फ गंभीर मानवीय स्थिति को और खराब कर दिया है, बल्कि संघर्ष-विराम की नाजुक प्रकृति को एक बार फिर रेखांकित किया है।

रवींद्र ने कहा, मौजूदा संघर्ष में नागरिकों का हताहत होना लगातार गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। सभी पक्षों को नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की रक्षा करनी चाहिए। वर्तमान मानवीय संकट से निपटने की जरूरत है। भारत ने सभी पक्षों से शांति के लिए आवश्यक परिस्थितियां बनाने, तनाव कम करने और हिंसा से बचने सहित सीधी बातचीत फिर से शुरू करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया।

रवींद्र ने कहा, मौजूदा तनाव ने इजराइल और फलस्तीन के बीच सीधी एवं विश्वसनीय बातचीत को तत्काल फिर से शुरू करने की आवश्यकता को रेखांकित किया है। इन वाताओं को फिर से शुरू करने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाने के वास्ते हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए।

रवींद्र ने कहा कि इजराइल की वैध सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर भारत ने हमेशा इजराइल-फलस्तीन मुद्दे पर बातचीत के जरिये दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन किया है, जिससे फलस्तीन की एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य देश के रूप में स्थापना हो सके, जो सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर इजराइल के साथ शांति से रह सके। उन्होंने कहा, हम इस दिशा में प्रत्यक्ष शांति वार्ता को शीघ्र फिर से शुरू करने की आवश्यकता दोहराते हैं। सामान्य स्थिति बहाल करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय और वैश्विक खिलाड़ियों के सभी प्रयासों का स्वागत करते हुए रवींद्र ने इजराइल-फलस्तीन मुद्दे का न्यायसंगत, शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान प्राप्त करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की। परिषद के वर्तमान अध्यक्ष ब्राजील की अध्यक्षता के तहत आयोजित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंत्रिस्तरीय बैठक को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस, इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन, फलस्तीन के विदेश मामलों और प्रवासी मंत्री रियाद अल-मलिकी और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने संबोधित किया।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जमीनी बंटवारे विवाद को लेकर एक ही खानदान के दो पक्ष आमने-सामने आ गए। जहां दो पक्षों में हो रही कहासुनी देखते ही देखते मामलें ने तुल पकड़ लिया। पहले भी कई बार स्थानीय लोगों द्वारा मामले में समझौता कराकर विवाद खत्म कराने की कोशिश की गई। लेकिन विवाद सुलझने के बजाय उलझता चला गया। जिसके बाद दोनों पक्ष के लोग जमीन को लेकर उग्र होते चले गए। दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर जमकर लाठी डंडे चला दिए। मारपीट में घायल चार लोगों को पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मधवापुर निवासिनी सविता देवी पत्नी वीरेंद्र कुमार बीते मंगलवार को सुबह



करीब सात बजे अपने प्लाट पर एक दीवार का निर्माण करा रही थी। तभी अचानक गांव के रहने वाले आकाश, नीलू, नीतू, शांति देवी पांच अज्ञात लोगों के साथ आकर अभद्र प्रकार की गालियां देते हुए मारपीट करने लगे हमलावारों ने सविता के देवर सुनील को लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा। जिससे सुनील बुरी तरह से घायल हो गया। वहीं दूसरे पक्ष की नीतू पुत्री श्याम लाल ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है की उसके हिस्से की जमीन पर सुनील, शैलेंद्र, वीरेंद्र, बंटी, अमित एवं अन्य दर्जनों अज्ञात लोगों ने लाठी डंडे असलहे के बल पर जबरदस्ती कब्जा करने के नियत से दीवाल बनाने लगे मना करने पर उक्त लोगों ने बहन नीलू और नीतू पर हमलावर होकर जान से मारने की नीयत से जमकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकियां देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नीलू और नीतू को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। नीतू की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद दर्जनों अज्ञात और दूसरे पक्ष सविता की तहरीर पर चार नामजद पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी हैं।

# मलिहाबाद कस्बे मे निकाली खाटू श्याम की शोभायात्रा



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। नवदुर्गा जागरण समिति के तत्वावधान मे बुधवार को मलिहाबाद कस्बे मे खाटू श्याम की शोभायात्रा निकाली गयी। दुर्गा मन्दिर बशारत तरफदार से शुरू हुयी यह यात्रा नगर के विभिन्न मोहल्लों से होती हुयी मन्दिर परिसर मे समाप्त हुयी। शाम को भजन संध्या एवं रात्रि मे 30वें विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। समिति के रंजीत सैनी, अरविंद मौर्य ने बताया कि क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से आयोजित होने वाले जागरण के 30 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे इसबार इस शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। शाम को भजन संध्या एवं रात्रि मे जागरण का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि गुरुवार को विसर्जन यात्रा एवं शुक्रवार को विशाल भण्डारें का आयोजन किया जा रहा है।

# निगोहां में रावण दहन के साथ बाल दशहरा मेले का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।निगोहां कस्बे में लगने वाला क्षेत्र का प्रसिद्ध बाल दशहरा मेला करीब 5 दशक से भी अधिक पुराना है।इस मेले में सीमा वर्ती जनपदों से व्यापारी व भारी संख्या में महिलाएं बच्चे व पुरुषों की आमद रहती है यहां रावण का 52 फीट ऊंचा पुतला बनाया जाता है।पुतला दहन के साथ ही जबरदस्त आतिशबाजी का भी कार्यक्रम और रामलीला का भी मंचन होता है।मेला कमेटी के अध्यक्ष संजीव शुक्ला ने बताया कि रामलीला का मंचन व रावण दहन कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।मेलें में उपद्रवी तत्वों पर नजर रखने के लिए इस 18 सीसीटीवी व ड्रोन की मदद ली गई। इस मेले में तकरीबन 20 से 30 हजार की भीड़ रही।सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा ।मेले का शुभारंभ थाना



प्रभारी निगोहां विनोद कुमार ने दीप प्रज्वलित व भगवान राम की आरती कर किया, वही मेला प्रबन्धक संजीव शुक्ला ने सभी को अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया। रामलीला मंचन में मुस्लिम किरदार उस्मान बने बिभीषन वही रावण अंगद व कुम्भकर्ण व लक्ष्मण शक्ति का किरदार निभाने वाले पात्रों ने अच्छा प्रदर्शन कर पंडाल में उपस्थित दर्शकों को कही हंसाया तो कही रूलाया ।रात 11बजे रावण दहन के साथ ही आतिशबाजी का भी जवाबी मुकाबला हुआ।इस आतिशबाजी के मुकाबलें में रायबरेली,नगराम,निगोहां सहित अन्य स्थानों से आये आतिशबाजो को सम्मानित किया गया।इस मौके पर प्रधान अभय दीक्षित, पूर्व प्रधान अंकुर मिश्रा कृष्णमोहन तिवारी,पूर्व प्रधान अजय सिंह,प्रधान प्रतिनिधी प्रदीप द्विवेदी, रामप्रसाद साहू उमेश गुप्ता ताहिर खान विकास सिंह कमलेश तिवारी डॉ शिवमोहन गुप्ता,अमित गुप्ता समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

# मरीज के साथ तीमारदारों को ठंड से बचाव के इंतजाम पुख्ता करें - डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

### स्थायी व अस्थायी रैन बसेरे बनाकर तीमारदारों को दें राहत

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ** । ठंड ने दस्तक दी है ऐसे में अस्पतालों में मरीज व उनके तीमारदारों को ठंड से बचाव के पुख्ता इंतजाम किये जायें। रैन बसेरे की व्यवस्थाओं को अधिकारी देखें, गद्दे-कंबल आदि का इंतजाम करें। हीटर, ब्लोवर आदि की व्यवस्था अभी से कर लें। रैन बसेरे में साफ-सफाई की व्यवस्था करें।

### यह निर्देश बुधवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दिए,

डिप्टी सीएम ने चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को रैन-बसेरे के इंतजामों को दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि ठंडक धीरे-धीरे बढ़ रही है। मरीज तो वार्ड में भर्ती रहते हैं। पर, तीमारदारों को ठंड से बचाव के लिए खुद से इंतजाम करने पड़ते हैं। तीमारदारों को भी ठंड से बचाने की जिम्मेदारी



अस्पताल के अफसरों की है। लिहाजा अधिकारी रैन बसेरे की व्यवस्थाओं को अभी से देखें। वहां की खिड़की-दरवाजे दुरुस्त करा लें। शौचालय से लेकर पीने के पानी तक की की व्यवस्था ठीक करा लें। वार्डों में भी ठंड से बचाव में कोई कसर न छोड़े। मरीजों को जरुरत के हिसाब से कंबल आदि उपलबध कराये जायें।

### कैंसर संस्थान में बनाये रैन बसेरा

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जिन अस्पतालों में मरीजों का दबाव अधिक है वहां अस्थायी रैन बसेरे बनाए जाये। इसमें किसी भी तरह की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यही नहीं लखनऊ में कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में अभी तक रैन बसेरा नहीं है। स्थायी के साथ अस्थायी रैन बसेरे बनायें। लोहिया संस्थान में तीमारदारों की संख्या के मुकाबले रैन बसेरे नाकाफी हैं। पीजीआई में भी रैन बसेरे नाकाफी हैं। संस्थान प्रशासन इस दिशा में भी सकारात्मक कदम उठाये।

### साफ–सफाई पर ध्यान दें

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मरीजों को साफ कंबल उपलब्ध कराये जाये। नियमित कंबलों की धुलाई कराई जाये। एक मरीज का इस्तेमाल कंबल दूसरे को कतई न दिया जाये। इससे एक मरीज का संक्रमण दूसरे में फैल सकता है। इस बात का कड़ाई से पालन किया जाये। हालांकि सभी अस्पतालों में बेड के हिसाब से पर्याप्त कंबल हैं। इस व्यवस्था को और बेहतर किया जाये।

# वेतन न मिलने से कर्मचारियों मे फूटा आक्रोश, किया धरना प्रदर्शन



### आक्रोशित कर्मचारियों ने सुपरवाइजर को कमरे में किया बन्द

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत में किशनपुर कौड़िया में स्थित एसआरएस हेल्थ केयर निजी दवाई कंपनी द्वारा कर्मचारियों को कई महीनो का वेतन न दिए जाने से कर्मचारियों में नाराजगी दिखाई दी वेतन न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने दवाई कंपनी के सुपरवाइजर समेत दवा कम्पनी मे वेतन बाटने वाले कर्मचारी को कंपनी के अंदर ही बंद कर दिया। किशनपुर कौड़िया मे स्थित एसआरएस हेल्थ केयर मैं कार्य करने वाले कर्मचारियों से बात की तो उन्होंने बताया कि हम लोगों को पिछले कई महीनो से वेतन नहीं दिया जा रहा है। हम जब भी अपनी मालिक से तनख्वाह की बात करते हैं तो कोई ना कोई नया बहाना बता कर हमारी बात को काट देते है। कंपनी के मलिक सिर्फ आजकल की बात करके ही हम लोगों को टरकाने का काम करते हैं। कर्मचारियों ने कंपनी के मालिक द्वारा वेतन ना दिए जाने की शिकायत स्थानीय थाने पर तहरीर देकर की परंतु कर्मचारियों ने बताया कि हमें कोई भी सहायता पुलिस द्वारा नहीं मिल सकी इसी कारण हम सभी लोगों ने इकट्ठा होकर कंपनी के सुपरवाइजर व एक और कर्मचारी को कंपनी के अंदर ही बंद कर धरना प्रदर्शन किया है और कंपनी के अंदर करीबन ढ़ाई सौ लोग काम करते हैं जिनका वेतन फंसा हुआ है।

# पार्षद द्वारा इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य का किया गया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। नगर निगम के सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड में बुधवार को स्थानीय पार्षद रामनरेश रावत द्वारा ढाई सौ मीटर लंबी और 5 मीटर चौड़ी इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। पार्षद ने कहा कि वार्ड की शर्मा विहार कॉलोनी में राज नारायण चौबे के घर से आरिफ कमाल के घर होते हुए अविनाश चंद्र रावत के घर तक कच्चे पड़े ढाई सौ मीटर लंबे और 5 मीटर चौड़े रास्ते को इंटरलॉकिंग सड़क में परिवर्तित किया जाएगा। यह कार्य 30 लाख रुपए की लागत से डूडा विभाग द्वारा किया जाएगा। इसका शिलान्यास कार्य भाजपा के सेक्टर संयोजक सूर्य प्रकाश मिश्रा के हाथों पार्षद ने नारियल तुड़वाने के साथ ही विधि विधान से पूजा पाठ करवारकर किया। पार्षद ने कहा कि करीब 20 वर्षों से पड़े इस कच्चे रास्ते से लोगों को आने जाने में तमाम दिक्कतें हो रही थी। उन्होंने कहा कि इस रास्ते में घरों का निकलने वाला पानी फैल कर



बहता था। सबसे ज्यादा दिक्कत बरसात के मौसम में लोगों को आने-जाने में होती थी। लेकिन अब इंटरलॉकिंग सड़क और उसके किनारे पक्की नाली बन जाने से लोगों को कीचड़ युक्त रास्ते की समस्या से निजात मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि यह इंटरलॉकिंग रोड केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, महापौर सुषमा खर्कवाल व विधायक राजेश्वर सिंह के प्रयास से कराया जाएगा। वहीं इंटरलॉकिंग सड़क का शिलान्यास होने से स्थानीय लोगों ने काफी खुशी जाहिर करते हुए पार्षद सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं को धन्यवाद दिया। इस मौके पर पार्षद रामनरेश रावत एडवोकेट के अलावा वार्ड अध्यक्ष चंद्रभान सिंह, प्रीतम सिंह, राजन गुप्ता, नवीन त्रिवेदी, कुर्बान अली, जहीर खान, रामकृष्ण वर्मा, शालू त्रिवेदी, अजमत अली, डॉ. रियाज अहमद, उबैद अली, दीनानाथ ओझा, नीरज गोस्वामी, महेंद्र त्यागी, इफ्तिखार खान, राजू सिंह, राज नारायण चौबे, जयराम यादव, रामेश्वर त्यागी और आशीष शुक्ला सहित कॉलोनी के तमाम लोग मौजूद रहे।

# सई नदी घाट पर मूर्ति विसर्जन करने गए लोग पुलिसकर्मी रहे नदारद



अमन लेखनी समाचार

बंथरा। मंगलवार को ग्राम सभा बनी में सई नदी के घाट पर कई भक्तों ने दुर्गा मूर्ति विसर्जन किया। सई नदी के घाट पर किसी के साथ कोई घटना ना होंने पाए इसीलिए स्थानीय पुलिस की मौजूदगी वहां पर रहती है। मंगलवार को दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान बनी सई नदी घाट पर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी सिर्फ देखने भर की ही थी मूर्ति विसर्जित करने आए लोगों ने बताया कि घाट से कुछ दूरी पर पुलिसकर्मी मौजूद तो थे पर वह अपने आप में ही व्यस्त से थे कोई अपने मोबाइल देखने में व्यस्त था और कोई बतियाने में व्यस्त था ।घाट से नदारद पुलिसकर्मी शायद किसी बड़ी घटना होने का इंतजार करने मे लगे थे। बीते कुछ महीने पहले ही गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान भी कुछ लोग डूबने लगे थे जिस दौरान मौके पर कोई भी प्रशासनिक अमला मौजूद नहीं था हालांकि गोताखोरों की मौजूदगी से कोई बड़ी घटना नहीं होने पाई थी।

# सुशांत दुर्गोत्सव में नव अंशिका डांडिया नाइट्स ने मचाया धमाल

- अंशिका त्यागी, बॉबी, श्लोविज के साथ डीजे डेला और एसके बॉयज ने शाम को चढ़ाया परवान
- माता का दरबार और मेला बना अन्य आकर्षण



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से दुर्गोत्सव-2023 में भजन, कथक और डांडिया की त्रिवेणी प्रवाहित की जा रही है। श्री श्री दुर्गा पूजा का आयोजन सुशांत गोल्फ सिटी दुर्गा पूजा सेवा समिति की ओर से 20 से 24 अक्टूबर 2023 तक विंटक्लब लॉन के प्लाट नंम्बर दो के परिसर में वृहद स्तर पर किया जा रहा है। पहले दिन आशुतोष द्विवेदी के भजन और रविवार को महा अष्टमी पर सुरभि सिंह निर्देशित कथक प्रस्तुति ह्लशक्ति स्वरूपाह्वके बाद अंतिम दिन द ग्रेट इंडिया डांडिया नाइट्स का आयोजन किया गया।

सोमवार को महानवमी के दिन खासतौर से द ग्रेट इंडिया ह्लडांडिया नाइट्सह्वका आयोजन किया गया। उसमें लोकप्रिय नृत्यांगना अंशिका त्यागी के दल की प्रस्तुति केन्द्रीय आकर्षण बनेगी। इसके साथ ही युवाओं ने धमाकेदार डीजे का भी आनंद लिया। बॉबी ने क्लासिक ठग और बॉय ऑफ मिर्जापुर पर धमाल मचाई वहीं श्लोविज ने उमर मेरी छब्बीस और संस्कृत रैप सुनाकर शाम को परवान चढ़ाया। इसके साथ ही डीजे डेला और डीजे एसके बाय ने रंग जमाया। देर शाम तक लोगों ने इस जोशीली शाम का लुत्फ उठाया। आगंतुकों ने दुर्गोत्सव में लगे मेले का भी लुत्फ उठाया। फूड स्टॉल पर सबसे ज्यादा भीड़ दिखी वहीं कोलकाता के हस्तशिल्प और झूलों सहित माता के दरबार ने लोगों का ध्यान खींचा। फाउण्डेशन की अध्यक्ष नीशू त्यागी ने बताया कि नव अंशिका फाउंडेशन एक ओर जहां नवांकुर प्रतिभाओं को मंच दे रही हैं वहीं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए वर्ष पर्यंत कार्य कर रही है।

# राम दरबार, माता के रथ, भजन मंडली के साथ निकली डालीगंज दुर्गोत्सव की विसर्जन यात्रा

### डालीगंज दुर्गोत्सव में भक्त गण पीले रंग की ड्रेस में हुए शामिल

### ढोल, ताशे शंखनाद और गुलाल के साथ झूलेलाल घाट पर किया गया प्रसाद का वितरण



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ** । श्री गणेश सेवा समिति डालीगंज की ओर से 12वां श्री श्री दुर्गा पूजा उत्सव का आयोजन डालीगंज ठठेरी बाजार के श्री जय मां दुर्गा मंदिर में 15 से 24 अक्टूबर तक किया गया। मंगलवार को दशमी के अवसर पर राम दरबार, माता के रथ, भजन मंडली के साथ डालीगंज दुर्गोत्सव की विसर्जन यात्रा भव्य रूप में निकाली गई। इसमें भक्तगण पीले रंग के कुर्ते में शामिल हुए। ढोल, ताशे, शंखनाद और गुलाल के साथ झूलेलाल घाट पर प्रसाद का वितरण भी किया गया। दुर्गोत्सव में स्थापित माताजी की मूर्ति की विसर्जन यात्रा झूले घाट तक भव्य रूप में निकाली गई। इसमें सबसे आगे प्रथम देव गणपति महाराज का रथ था। उनके साथ ही अन्य पांच देवों की झांकियां भी थी। आकर्षण का केन्द्र राम दरबार का रथ रहा। भक्तों ने जगह जगह भगवान राम की आरती उतारी और जयकारों के साथ मयार्दा पुरुषोत्तम राम के दर्शनों का पुण्य अर्जित किया। माता के रथ के साथ ही प्रसाद का रथ भी चल रहा था। बड़ी संख्या में राहगीरों को प्रसाद का वितरण भी किया गया। डीजे रथ पर मयंक मयूर ने एक से बढ़कर एक माता के भजन सुनाए। चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है पर तो क्या बच्चे क्या बड़े सभी झूम उठे। झूलेलाल घाट पर भक्तों ने कोलकाता के मूर्तिकार आर.के.पाल द्वारा तैयार की गई मां की मूर्ति को पूजन अर्चन कर विदाई दी। पूजन अनुष्ठान में समिति के अध्यक्ष अमित सिंह कसेरा, महामंत्री रचित नाग, कोषाध्यक्ष यश कसेरा 'हरिओम', उपाध्यक्ष दीपक नाग, सहित उत्तम कुमार गुप्ता, स्वाति केसरवानी, हरीश चौरसिया, महेन्द्र कुमार, राहुल जायसवाल, अभय जायसवाल, अशोक कुमार, आकाश वर्मा, सुशील गुप्ता सहित अन्य ने माता के जयकारे लगाए।

# मुख्यालय में चल रहे 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर के नूरनगर भदरसा स्थित राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) मुख्यालय में चल रहे 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया। एसडीआरएफ के सेनानायक डॉ. सतीश कुमार के निर्देशन में चल रहे इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण व प्रांतीय विकास दल के 100 कर्मियों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन पर बुधवार को यहां प्रशिक्षण ले चुके सभी प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस प्रशिक्षण में राज्य आपदा मोचन बल उप्र के प्रशिक्षण अधिकारी सहायक सेनानायक सोभनाथ यादव के नेतृत्व में पूर्ण रूप से प्रशिक्षित



एसडीआरएफ के कुशल प्रशिक्षकों व हर आपदा से निपटने में सक्षम 12 सदस्यीय प्रशिक्षण टीम ने क्षेत्रीय युवा कल्याण और प्रांतीय विकास दल प्रशिक्षकों को आपदा प्रबंधन के संबंध में विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। साथ ही क्षेत्रीय युवा कल्याण व प्रांतीय विकास दल के प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान कम से कम समय में अधिक से अधिक वास्तविक आपदाओं के दृश्यों से अवगत कराते हुए राहत और बचाव के तरीकों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर एसडीआरएफ के उप सेना नायक शुएब इकबाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण के द्वारा क्षेत्रीय युवा कल्याण व प्रांतीय विकास दल के प्रशिक्षण को प्राकृतिक आपदा एवं कृत्रिम आपदाओं में प्राथमिक उपचार, ध्वस्त ढांचा खोज और बचाव व बाढ़ आदि से बचाव की जानकारी दी गई। जिससे कि भविष्य में एसडीआरएफ के साथ-साथ अन्य एजेंसियां भी आपदाओं में आम जनता का अमूल्य जीवन बचा सकें।

# सिपाही पर लगा 70लाख कीमत की सात बिस्वा जमीन को चार लाख में रजिस्ट्री कराने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के खुजौली गांव के एक गरीब किसान की 70लाख रुपए कीमत की सात बिस्वा जमीन चार लाख रुपए में नशा पिलाकर रजिस्ट्री कराने का आरोप मोहनलालगंज कोतवाली में तैनात एक सिपाही पर लगाते हुये पीड़ित के भाई ने बुद्धवार को मुख्यमंत्री व पुलिस कमिश्नर को बुद्धवार को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है।मोहनलालगंज के खुजौली गांव निवासी रामनंद ने बताया उसके सगे भाई राम सुरेश की भट्टी बरकतनगर गांव में गांटा स०-173 सात बिस्वा कृषि योग्य भूमि है,जमीन के अगल बगल बड़े स्तर पर प्लाटिंगो का कार्य हो रहा है जिसके चलते जमीन की मौजूद समय में कीमत 70लाख रुपए के आस-पास है,रामनंद ने बताया उसके भाई राम सुरेश की बेशकीमती सात बिस्वा जमीन पर नजर गड़ाये खुजौली चौकी में तैनात सिपाही ने भाई के नशा करने का फायदा उठाकर उसे नशा पिलाने के सब रजिस्टार आफिस ले जाकर बेशकीमती सात बिस्वा जमीन को मात्र चार लाख रुपए में रजिस्ट्री करा ली।जब कि भाई के पास परिवार के जीविकोपर्जन का एक मात्र सहारा उक्त जमीन ही थी,जिसमें खेती कर होने वाले अनाज से चार मासूम बच्चो व पत्नी के लिये दो जून की रोटी का जुगाड़ करता था।पीड़ित रामनंद ने बताया बीते रविवार को पूरे मामले की प्रभारी निरीक्षक से शिकायत कर सिपाही पर कार्यवाही की मांग की थी,लेकिन कोई कार्यवाही नही हुयी,जिसके बाद उसने बुद्धवार को मुख्यमंत्री समेत पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर सिपाही पर कार्यवाही की मांग की हैं।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़ित किसान के भाई ने सिपाही पर मौजूद कीमत से कम कीमत पर सिपाही पर जमीन की रजिस्ट्री कराने का आरोप लगाते हुये शिकायत की है पूरे मामले की गम्भीरता से जांच की जा रही हैं।

# डेंगू बुखार मलेरिया जांच शिविर का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गांवों में फैले वायरल बुखार डेंगू मलेरिया और मियादी बुखार पर नियंत्रण पाने के सजग स्वास्थ्य विभाग पूरी शिद्दत से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में मलिहाबाद सीएचसी अधीक्षक डॉ. चंदन कुमार यादव के नेतृत्त्व में संवेदनशील गांवों में शिविर लगाकर रोग निदान एवं उपचार किया जा रहा है।




दस्तक अभियान के तहत किए गए सर्वे से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 10 दिनों से भतोइया में बुखार पीड़ित लगभग 35 लोगों में से तीन लोगों में डेंगू की पुष्टि होने पर रविवार को पूरे गावँ में एन्टी लार्वा छिड़काव करवाकर फॉगिंग कराई गई थीं। मंगलवार को पंचायत भवन परिसर में रक्त जांच एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 39 बुखार पीड़ितों की डेंगू मलेरिया और मियादी बुखार जांच की गई। परंतु सबकी जांच निगेटिव पाई गई। जांच के बाद मोबाइल मेडिकल वैन स्टाफ द्वारा सभी रोगियों को निशुल्क दवाये उपलब्ध कराई गई। शिविर में आदर्श कुमार एलटी, अखिलेश वर्मा एल ए, भानु प्रताप सिंह, मुजफ्फर हुसेन एचएम ए, राहुल वर्मा बी एच डब्लू, सुषमा ए एन एम सहित आशा बहू सुधरमा मौजूद रही।

## संक्षेप

### हाईटेंशन लाइन के तार की चपेट में आने से दो झुलसे, एक की हालत गंभीर

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के मंगलीखेड़ा गांव में बाबू के दरवाजे पर अचानक 11 हजार वोल्ट की हाइटेंशन लाइन एवं एलटी तार एक साथ टूट कर गिर गया। उस समय बिजली आपूर्ति हो रही थी।इसके चलते आसपास करंट फैल गया।उसकी चपेट में आने से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हाईटेंशन और एलटी तार दोनों एक साथ टूटकर गिर गए।इससे गांव में करंट फैल गया। उसकी चपेट में दो लोग आ गए। उनमें से एक की हालत गंभीर है। दोनो को बांगरमऊ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां एक की हालत में सुधार होने पर घर भेज दिया गया, जबकि दूसरे को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है घायल बाबू 50 वर्ष पुत्र जयराम, अजय 28 वर्ष पुत्र तोते बताएं जा रहे हैं।

### फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक का शव

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के एक गांव में आम के बाग में युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया ग्राम गढ़ा निवासी सुधांशु 29 वर्ष पुत्र चक्रवती ने गांव के बाहर आम के बाग में फांसी फांसी के फंदे पर शव लटकता देख ग्रामीणों में हाहाकार मच गया सूचना पर पहुंचे परिजन ने युवक का शव लटकता देख उनके होश उड़ गए थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया रिपोट आने के बाद ही अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### रावण बध के बाद हुआ वार्षिक भव्य मेले का आयोजन

बांगरमऊ, उन्नाव।विजय दशमी के दिन वर्षों पुरानी चौधरी फाटक में राम लीला का आयोजन हुआ रावण बध के बाद बाजार मे लगा भव्य मेला, इस मेले में काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए और मेले का आनंद लिया, रामलीला पार्टी द्वारा कई दिनों से रामलीला का आयोजन किया गया जिसमें बुराई पर अच्छाई की जीत हुई इस वर्ष भी रावण का पुतला इंद्रा गाँधी राजकीय महा विद्यालय में दहन किया गया, इस क्षेत्रीय मेले में नगर सहित कई गाँव के लोग मेला देखने आते हैं और रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला का आनंद लेते हैं और काफी ज्यादा जमावड़ा इकट्ठा होता है, रात्रि में रामलीला का आयोजन होता है और यह रामलीला एक हफ्ते से अधिक होती है और इस रामलीला में पात्रों द्वारा राम जी की लीलाओं का प्रस्तुती किया जाता है

### बाइक की आमने-सामने भिंडत में दो घायल

बांगरमऊ, उन्नाव।दो बाइको की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार दो युवक बुरी तरह से जख्मी हो गए. सड़क दुर्घटना में घायल अली मोहम्मद के परिजनों ने बताया कि गांव जोगीकोट किसी काम से गए थेबांगरमऊ थाना क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे मुख्यमार्ग स्थित जोगिकोट के पास बहलोलपुर निवासी अली मोहम्मद पुत्र अलीरजा 45 वर्ष और भटौली बेहदर गांव निवासी शैलेंद्र पुत्र महावीर प्रसाद 25 वर्ष की बाईको से आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई जिससे दोनो घायल हो गए जिन्हे सी एच सी से गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेज दिया गया।

# बड़े ही धूमधाम से निकाली गई भरत मिलाप की शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। बुधवार को कस्बे की 157 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक भरत मिलाप शोभा यात्रा, हाथी-घोड़ों व शंख ध्वनि संग बड़े ही धूमधाम से निकली।जिसमें शामिल डेढ़ सैकड़ा से अधिक मनोहारी झांकियों का नगरवासियो ने जगह जगह आरती बाद पुष्प वर्षा कर स्वागत कर राम भक्तों को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक उदयराज यादव ने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्शों को आत्मसात करने को कहा।

नगर की 157 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक एवं पारम्परिक भरत-मिलाप शोभायात्रा को हाथी-घोड़े, बैण्ड बाजे संग स्थानीय मां आनन्देश्वरी परिसर से रवाना किया गया।नगर भ्रमण के दौरान नगर अध्यक्ष रेनू गुप्ता सहित समाजसेवी संतोष तिवारी, ब्लाक प्रमुख सतीश चौधरी, आजाद खान ,अमित त्रिवेदी भाजपा नेता उत्तमचंद लोधी, , पुलिस उपाधीक्षक दीपक सिंह व कोतवाल सुरेश कुमार सिंह ने श्रीराम-लखन, सीता, भरत संग रामदरबार की आरती उतारी। शोभायात्रा में हनुमान, भगवान शिवपार्वती, नवदुर्गा, अंगद, विभीषण, दुर्गा, काली, लक्ष्मी, राधा-कृष्ण, विष्णु लक्ष्मी, भगतसिंह, चन्द्रशेषर आजाद, लक्ष्मीबाई, वसुदेव, महाराणा प्रताप, परशुराम, लवकुश, अष्टभुजी नवदुर्गा, श्रवणकुमार व मकरध्वज आदि डेढ़ सैकड़ा से अधिक मनोहारी झांकियों पर पुष्प वर्षा कर नगरवासियों ने जोरदार स्वागत किया।मोहल्ला पीराशाह स्थित मां आनंदेश्वरी मंदिर से निकली विशाल शोभा यात्रा पश्चिमटोला, बेगमगंज, पुराना बस स्टेशन, जिन्दवाबाड़ी, वजीरगंज, सोनी चौराहा, राजाबाजार व कस्टोलवा होते हुए शीतलगंज के पक्का तालाब पर पहुंची।जहां राम-भरत मिलाप बाद सभी झांकियों को पुरस्कृत कर कार्यक्रम का समापन किया गया

भरत मिलाप के अवसर पर ब्लाक प्रमुख सतीश चौधरी ने कहा कि भगवान राम के आदर्श, सत्य निष्ठा, भातृ-पितृ व जनप्रेम की अनूठी मिशाल को आत्मसात कर भारत को दुनिया का सिरमौर बनाया जा सकता है।लिहाजा उनके आदर्शों से ही समाज एवं देश में समरसता का भाव सम्भव है।। इस अवसर पर योगेन्द्र नाथ द्विवेदी , भीमशंकर त्रिपाठी , अजय सिंह , संजय अवस्थी , गायत्री शुक्ला, बन्ना , उमाकान्त गुप्ता , बितेन्द्र सिंह , सहित सैकडो लोग इस भरत मिलाप के साक्षी बने।

# रावण का अंहकार हुआ चूर-चूर, पुतला दहन होते ही गूंजे जय श्रीराम के नारे

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। विजयदशमी पर्व पर रावण, का पुतला दहन किया गया। जलते रावण को देखकर लोगों ने बुराई से दूर रहने और सत्य के मार्ग पर चलने की सीख ली।

तहसील बीघापुर के अंतर्गत कस्बा बिहार में प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी गौरी शंकर जन कल्याण समिति के द्वारा रावण का पुतला दहन किया गया विजयदशमी पर रावण का दंभ मंगलवार को कुछ ही मिनटों में चूर-चूर हो गया। राधागंज बाजार के मैदान में रावण का पुतला दहन किया गया। जलते रावण को देखकर लोगों ने बुराई से दूर रहने और सत्य के मार्ग पर चलने की सीख ली। इस दौरान मेले में हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ी। परिवार के साथ लोगों ने जमकर खरीदारी की ।जैसे-जैसे शाम ढलती रही पुतला दहन को लेकर खासकर बच्चों में उत्सुकता बढ़ती दिखी। रावण का पुतला फूंका गया आए कलाकारों ने पूरे गांव व कस्बे में बजे बजे के साथ गलियों में घूमे लोगों ने नाचे कूदे वही मेला ग्राउंड में दिन में आल्हा कार्यक्रम का आयोजन रहा वही रात में रंगारंग का कार्यक्रम भी रहा सुरक्षा दृष्टि को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा उसके बाद रावण के पुतला का दहन किया। मैदान में अत्याधिक भीड़ होने के चलते लोगों को आसपास के घरों की छत से पुतला दहन देखना पड़ा।आतिशबाजी की भी व्यवस्था पुतले में रही इस बार रावण पुतला काफी खास है. विशेष कपड़ा से पुतला तैयार किया गया था मस्तिक से लेकर पूरे शरीर में विशेष आइटम से सजाया गया जो दिखने में काफी आकर्षक रहा 2 दिन तक चलने वाले इस मेले में बुधवार को दिन में आल्हा कार्यक्रम के साथ जादूगरो का भी कार्य क्रम रहा।

# केदारेश्वर सेवा समिति द्वारा किया गया विशाल भंडारे का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। नगर के मोहल्ला दलीगढ़ी में विजय दशमी के महापर्व पर केदारेश्वर सेवा समिति द्वारा केदारेश्वर मंदिर में हवन पूजन व कन्या भोज होने के बाद भण्डारे का आयोजन किया जो सुब से लेकर शामतक अनवरत जारी रहा जिसमे क्षेत्र के सैकडो लोगो ने बाबा का प्रसाद चखा। भण्डारे में पूडी सब्जी ,खीर व हलुवा प्रसाद के रुप में वितरण हुआ । भण्डारें में कुसुम द्विवेदी ,कौशलेंद्र शंकर शुक्ला,नगर पंचायत अध्यक्ष रेनू गुप्ता ,जतिन मिश्र , शिवशंकर मिश्रा, , अजय वर्मा , सतेन्द्र , मिथिलेश कुमार, मोहनीश शुक्ला, शुभाशीष शुक्ला, अनुराग तिवारी, बीनू त्रिवेदी सहित सैकडो भक्त लोग मौजूद रहे।

# अपने दायित्व बोध से विरत हो रहा शिक्षक

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। सरकारी शिक्षक होते हुये भी हम अपने बच्चों को सरकारी स्कूल के आकर्षण से दूर कर रहे हैं। शिक्षक अपने बच्चों को ही सरकारी स्कूल नही भेज रहा है। शिक्षक अपने दायित्व बोध से विरत हो रहा है। मेरा सौभाग्य रहा को मुझे भी शिक्षक बनने का अवसर मिला। जब तक मै शिक्षक रहा शिक्षक धर्म को पूरी ईमानदारी से निभाया। उक्त विचार तहसील बीघापुर क्षेत्र के झडिया मोहकमपुर में विष्णुदयाल सिंह व्दारा रचित काव्य ग्रंथ वन पथ पर राम के तृतीय सोपान के लोकार्पण समारोह में शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल ने रखे। उन्होने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है। विधायिका भी अपने कार्य से विरत है ।वह अपने ही उत्तरदायित्व का निर्वहन करना भूल गई है। उन्होने विष्णुदयाल सिंह को बधाई दी । जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह ने भी वन पथ पर राम काव्य ग्रंथ की सराहना करते हुये शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडेय ने कहा कि राम कृपा के बिना कोई राम का नाम भी नही ले सकता। वीडी सिंह पर राम की बहुत बडी कृपा है जिन्होने राम पर पूरा काव्य ग्रंथ ही लिखा। उन्होने उनके दीघार्यु जीवन की कामना कर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को पूर्व प्रधानाचार्य स्वयंवर सिंह, स्वामी ब्रम्हनात्मनंद सरस्वती, पूर्व प्रधानाचार्य केशव कुमार सिंह, रामहेत सिंह ने भी संबोधित कर काव्य ग्रंथ के रचनाकार वीडी सिंह को शुभकामनाएं देकर पूर्व में लिखे गये ग्रंथों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन रमेश सिंह ने किया। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी का भी आयोजन हुआ।

# अवैध खनन पर तहसील प्रशासन ने मारा छापा तीन डंफर दो जेसीबी मशीन हुए सीज

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। बिशुनखेड़ा गांव में सोमवार रात किसान की तीन बिसुवा जमीन में हो रहे मिट्टी खनन की सूचना मिलते ही एसडीएम व सीओ व लेखपाल एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया तो पाया कि बिना परमीशन के खनन किया गया। जिसपर तीन डम्फर व दो जेसीबी मशीनों को पकड़कर सीज की कार्रवाई करते हुए खनन अधिकारी व जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई है। जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे को बिशुनखेड़ा गांव में रात में हो रहे मिट्टी खनन की सूचना मिलने पर सोमवार की रात लगभग दो बजे एसडीएम उदित नारायन सेंगर व सीओ कुमार दीपक सिंह व कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सिंह एवं लेखपाल प्रशांत अवस्थी मौके पर पहुंचे तो खनन होते पाया। जिसपर जानकारी किया तो पाया गया कि बिना परमीशन के खनन किया जा रहा था। मंगलवार को राजस्व कर्मियों में प्रशांत अवस्थी, अरुण कुशवाहा, अखिलेश पटेल ने खनन स्थल की नाप करने पहुंचे और पाया कि किसान निर्मला देवी नगर मोहल्ला दलीगढ़ी की निवासिनी है जिसके नाम भूमि दर्ज है। विभागीय सूत्रो की माने तो किसान निर्मला देवी की तीन बिसुवा जमीन पर खनन करने वाले बिना अनुमति के मिट्टी खोद रहे थे और तीन बिसुवा में करीब 381 घन मी मिट्टी की खुदाई होना पाया गया है। ये मिट्टी डम्फर से लादकर एम आर 10 पूरनखेड़ा मार्ग पर मिट्टी डाली जा रही थी। एसडीएम उदित नारायन सेंगर ने बताया कि बिना अनुमति लेकर खनन किया जा रहा था जो बृहद श्रेणी में आता है रिपोर्ट तैयार करके जिलाधिकारी व खनन विभाग को भेजी गयी है साथ ही तीन डम्फर व दो जेसीबी मशीनों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी 2 दिन पहले हुई थी युवक की शादी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवक ने बुधवार सुबह शौच क्रिया जाने की बात परिजनों से कहकर घर से निकल शारदा नहर की पुरवा ब्रांच की पटरी पर खड़े एक बबूल के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकता मिला ।जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही परिजनों का कहना है कि मानसिक तनाव के चलते फांसी लगाकर जान दी है। कोतवाली क्षेत्र के सुम्भारी खुर्द गाँव के रहने वाले रमेश गौतम का 30 वर्षीय पुत्र दीपू गौतम जो कि बुधवार सुबह 5 बजे घर से परिजनों को शौच क्रिया जाने की बात कहकर घर से निकला था। तभी शारदा नहर की पुरवा ब्रांच पर पटरी पर खड़े बबूल के पेड़ पर फासी के फंदे से लटक कर जान दे दी। शौंच क्रिया को गए ग्रामीणों ने शव को फांसी के फंदे पर लटकता देख शव की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने दीपू का शव देख शन्न रह गए ।परिजनों की सूचना पर पुलिस बल के साथ कोतवाल सुरेश कुमार सिंह मौके पर पहुँचकर शव को बबूल के पेड़ से नीचे उतरवा कर विधिक कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मृतक दीपू गौतम की शादी माखी थाना क्षेत्र के बलवंत खेड़ा गांव की आरती गौतम से 22 अक्टूबर 2023 को हुई थी। मंगलवार दोपहर ससुराल के लोग आकर बेटी को विदा करा ले गए थे। पिता रमेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दीपू काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। जिसके कारण आत्महत्या कर ली। दीपू दो भाई दो बहनों में सबसे छोटा था। सभी भाई और बहनों की शादी हो चुकी है। बेटे की मौत से आहत पिता रमेश, माँ रामश्री व बड़ा भाई सूर्यभान सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। परिजनों ने बेटे की मौत की खबर पत्नी आरती व ससुराली परिजनों को दे दी है। पत्नी ससुराल में ही है।

# पीईटी परीक्षा को लेकर जिला अधिकारी ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा 28 एवं 29 अक्टूबर 2023 (शनिवार एवं रविवार) को जनपद में होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2023 की लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे द्वारा विकास भवन सभागार में परीक्षा हेतु नामित किए गए जोनल/सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की गयी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा समस्त जोनल/सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये गए कि उत्तरप्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा 28 एवं 29 अक्टूबर 2023 को जनपद के चिन्हित 14 परीक्षा केन्द्रों पर होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2023 को सफलता, सुगमता, सरलता एवं पारदर्शिता पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु अभी से सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करा ली जाएं। उन्होने निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों/प्रधानाचार्यों को निर्देश दिये है कि परीक्षा के दिन सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, साफ-सफाई एवं परीक्षा केन्द्र स्तर पर होने वाली तैयारियों का पूर्ण प्रबन्ध सुनिश्चित करा लिया जाए। उन्होंने बताया कि 28 एवं 29 अक्टूबर को प्रतिदिन दो पालियों में परीक्षा आयोजित करायी जायेगी। प्रथम पाली में प्रातः 10.00 बजे से मध्यांहन 12.00 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्हन 03.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक परीक्षा सम्पन्न होगी। प्रत्येक पाली में 5976 परीक्षार्थी भाग लेंगे। 28 अक्टूबर को दोनों पालियों में 11948 तथा 29 अक्टूबर को 11948 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस प्रकार जनपद के सभी परीक्षा केन्द्रों पर दोनों दिवसों में कुल 23904 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2023 को पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराये जाने हेतु आयोग द्वारा नामित नोडल एजेन्सी को सीसीटीवी कैमरों को परीक्षा संचालन के एक दिन पूर्व ही एक्टिव करने के निर्देश दिये गये है परीक्षा को शांतिपूर्वक एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु प्रत्येक स्तर पर नोडल एजेन्सियों एवं अधिकारियों को दायित्वों के निर्वहन किये जाने की जिम्मेदारी सौपी गयी है। डीएम ने परीक्षा आयोजन में लगाए गए सभी अधिकारियों एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा में किसी भी स्तर पर चूक न हो और आयोग के दिशा-निदेर्शों के मुताबिक सम्पूर्ण परीक्षा त्रुटिरहित सम्पन्न करायी जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट अरूण मणि तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एस पी सिंह सहित समस्त जोनल/सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट, अन्य अधिकारी गण व केन्द्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

# लक्ष्मणो से सिया अपहरण हो रहा,संस्कृति खो रही आचरण रो रहा

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के सुमेरपुर गाँव मे साहित्य संगीत स्वास्थ्य परिषद के तत्वाधान में सोमवार को विराट कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। वाणी पुत्रो द्वारा सुनाई गई कविताओं से श्रोता कही श्रृंगार में डूबे नजर आए तो कही वीर रस व हास्य रस से श्रोता उत्साह व ठहाके लगाते नजर आए। सुमेरपुर में पिछले 63 सालों से लगातार कवि सम्मेलन का आयोजन होता रहा है। पंडित शिवराजबली रामशंकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह ने मंच के माध्यम से सभी आंगुतको का आभार ब्यक्त किया ।सर्वप्रथम कवि सम्मेलन की शुरूवात ब्राह्मण उत्थान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक पांडे ने माँ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यर्पण कर दीप प्रज्वलन से की। इसके उपरांत सभी वाणीपुत्रो व सम्मानित प्रतिनिधियों का माल्यापर्ण कर अंगवस्त्र भेंट किये गए ।कवि सम्मेलन की अध्यक्षता सुमेरपुर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक प्रमोद नारायण द्विवेदी ने की ।मंच का संचालन भोपाल से आये हुए वाणी पुत्र अभिषेक अजारिया ने किया। राजस्थान से आयी हुई कवियित्री सुमित्रा सरल ने माँ सरस्वती का आवाहन 'वरदायिनी की जै सदा-हर भाव को देती रही-शब्द की शुभ संपदा 'जैसे शब्दो से पिरो कर किया। कानपुर से आये हुए हास्य कवि अनुभव अज्ञानी ने' दो दिन कही लाहौर में टिक जाए अमित शाह-पाक में भी भाजपा सरकार बना ले' जैसे वाक्यो से श्रोताओं को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। उन्नाव के प्रख्यात कवि कमलेश शुक्ला ने पंक्तियों के माध्यम से वर्तमान समाज पर कटाक्ष किया- 'लक्ष्मणो से सिया का अपहरण हो रहा,संस्कृति खो रही आचरण रो रहा। आज कान्हा विवश मौन धारण किये,चीर नित द्रोपदी का हरण हो रहा। कानपुर से आये हेमंत पांडेय ने बुलडोजर बाबा के एंटी रोमियो पर पंक्तिया सुनाकर खूब तालियां बटोरी उन्होंने सुनाया 'एक एक प्रेमी को बांधकर ले गए,जो नही माना उसे डांटकर ले गए ।जिस पेड़ पे बाँधा था मोहब्बत का धागा ,नगर निगम वाले उसे भी काटकर ले गए। दिल्ली से आई हुई रजनी श्रीवास्तव ने श्रृंगार के माध्यम से महफिल में दिलो को लूटा 'नही वो चांद होना जो अमावस में न हासिल हो,मैं रजनी हू तेरी साजन,सितारा तू मेरा बनना। छतरपुर से आये हुए अभिराम पाठक ने देश के जवानों के बारे में सुनाते हुए कहा' भारतमाता के बेटे जब सीमाओं पर जाते है, माँ का कर्ज चुकाने सरहद पर ही सो जाते है ।जैसी पंक्तिया सुना कर श्रोताओं की आंखों में आंसू व गर्व भर दिया।

नोएडा से आये हुए वीर रस के कवि मनवीर मधुर ने 'राजनीति के नए दुशाले चाहे खूब लपेटे हो ,लेकिन यह भूल न जाना तुम भारत माँ के बेटे हो । सुना कर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में विशिष्ट सहयोगी अरविंद बाजपेयी,सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह'नंदू' भाजपा नेता आशू बाजपेयी,संजय शुक्ला, योगेश बाजपेयी,मुन्ना सिंह,सेवानिवृत्त पी.सी.यस अजय अवस्थी,प्रधान अभिषेक वर्मा,नरेश मिश्रा, संजय अवस्थी,प्रदीप पांडेय,राजेश तिवारी, अश्वनी बाजपेयी,तेज नारायण शुक्ला ,थानाध्यक्ष शिवप्रकाश पांडेय सहित अनेको गणमान्य लोग व पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाई जाएगी धूमधाम से रामलीला

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। शहर के रामलीला मैदान स्थित साकेत धाम में रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने 24/10/2023 दिन मंगलवार को 151 वां रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ ध्वजा रोहण कर व पूजा अर्चना कर किया। इसके पश्चात राम लीला कमेटी ने पत्रकार वार्ता कर होने वाली राम लीला महोत्सव के कार्यक्रमों की संपूर्ण जानकारी दी जिसमे कमेटी के अध्यक्ष संजय राठी ने बताया कि आज ध्वजा रोहण का महोत्सव का शुभारंभ किया गया है 25/10/2023 से 30/10/2023 तक यह महोत्सव चलेगा जिसमे 28/10/2023 को रावण दहन तथा मेले आदि का कार्यक्रम है तथा महोत्सव के दौरान प्रत्येक दिन शाम को राम लीला का सुंदर मनमोहक कार्यक्रम होगा ।जिसमे प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा अभिनय किया जायेगा और रामलीला का संपूर्ण सन्देश समाज तक मंचन के माध्यम से दिखाया जायेगा ।इसी दौरान कमेटी के महामंत्री अरविंद कमल जी ने भी बताया कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समझ को स्वस्थ और संपन्न रखते है इनके माध्यम से समाज को एक आदर्श प्रेरणा दी जाती है ।वही कमेटी के उपाध्याक्ष व कार्यक्रम के संयोजक चंद्र प्रकाश अवस्थी जी ने भी श्री राम लीला महोत्सव ने विभिन्न व्यवस्थाओं को बताते हुए बताया कि इस बार 151 वा महोत्सव होने पर कमेटी के द्वारा 29/11/2023 से एक राम कथा का भी आयोजन होना है जो प्रेम भूषण महाराज के श्री मुख से सुनाई जाएगी ।प्रत्रकार वार्ता का संचालन कमेटी के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ललित द्विवेदी आजाद ने किया तथा इस दौरान मेला कमेटी के पदाधिकारियों में महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष आरती यादव प्रमोद कुमार शुक्ला शशिकांत गुप्ता विनोद शर्मा जगदीश महेश्वरी , व्यापार मंडल के अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी राजा गुप्ता मोतीलाल गुप्ता , पवन पांडेय , ऋषि परिहार सूरज विमल आदि सैकड़ो भक्त आचार्य रमेश शास्त्री जी समेत तमाम लोग उपस्थित व मौजूद रहे।

## चिंतन

# सफाईकर्मियों के मुआवजे पर 'सुप्रीम' आदेश स्वागतयोग्य

देश में सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौत की घटनाओं पर सर्वोच्च न्यायालय का गंभीर रुख सराहनीय व स्वागतयोग्य है और वक्त की जरूरत भी है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से हिदायत के बाद भी राज्य सरकारों की रवैया सीवर सफाई को सुरक्षित बनाने के प्रति उदासीन ही रहा है। सीवरेज सफाई के दौरान देश के हर राज्य में हर सप्ताह किसी ना किसी सफाई कर्मी की मौत हो जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने सफाई कर्मियों के हित में शुक्रवार को दो अहम बातें कही हैं। कोर्ट ने कहा, 'सरकारी अधिकारियों को सीवर सफाई के दौरान मरने वाले कर्मियों के परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देना होगा' और 'केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो जाए।' सीवर की सफाई के दौरान स्थायी दिव्यांगता का शिकार होने वालों को न्यूनतम मुआवजे के रूप में 20 लाख रुपये और अगर सफाईकर्मी दूसरी दिव्यांगता से ग्रस्त होता है तो 10 लाख रुपये तक का भुगतान करना होगा। 5 अप्रैल 2023 को लोकसभा में पेश सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 40 प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुईं। यानी हर सप्ताह एक सफाई कर्मचारी की मौत हुई। यह सरकारी तंत्र की लापरवाही की वजह से हुई मौतें हैं। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन आने वाले राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की वेबसाइट के मुताबिक 1993 से लेकर 2018 तक कुल 676 सफाईकर्मियों की सीवर में उतरने से मौत हुई है। देशभर में आमतौर पर सीवेज की सफाई पुराने, अमानवीय और असुरक्षित तरीके से हो रही है। नेशनल कमीशन फॉर सफाई कर्मचारी के आंकड़ें गवाह हैं कि हर साल सीवर सफाई से संबंधित 130 से ज्यादा लोगों की जान जाती है। सुप्रीम कोर्ट और अदालतें सीवर की मैन्युअल यानि मानवआधारित सफाई को गैरकानूनी ठहरा चुकी हैं। अदालती आदेशों के बावजूद सीवेज सफाई सिस्टम का मशीनीकरण या आटोमेशन नहीं हो पाया है। सीवर सफाई में नई तकनीक और मशीनों के प्रवेश को लेकर होने वाले खर्च पर राज्य से लेकर केंद्र सरकारें तक आंखें बंद रखती आई हैं। दुनिया के ज्यादातर देशों ने इसके लिए मशीनीकृत और आटोमेटेड बेहद सुरक्षित प्रणाली अपना ली है, इसमें कई एशियाई मुल्क भी शामिल हैं, लेकिन भारत अभी भी बहुत पीछे है। सरकार के उदासीन रवैये, आउटसोर्स का सिस्टम, सामाजिक भेदभाव आदि के चलते मैनुअल स्कैवेंजिंग पर लगाम नहीं लग पाई है। मैनुअल स्कैवेंजर्स का रोज़गार और शुष्क शौचालय का निर्माण (निषेध) अधिनियम, 1993 के तहत देश में हाथ से मैला ढोने की प्रथा को प्रतिबंधित कर दिया गया है, हालांकि इसके साथ जुड़ा कलंक व भेदभाव अब भी जारी है। सफाई मित्र सुरक्षा चुनौती को आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020 में विश्व शौचालय दिवस (19 नवंबर) पर लॉन्च किया गया था। सरकार द्वारा सभी राज्यों के लिए अप्रैल 2021 तक सीवर-सफाई को मशीनीकृत करने हेतु इसे एक 'चुनौती' के रूप में शुरू किया गया। लेकिन जमीनी स्तर पर सीवरेज सफाई कर्मियों की स्थिति दयनीय व असुरक्षित बनी हुई है। मोदी सरकार ने पहली बार वर्ष 2023-24 के बजट में सेप्टिक टैंक और सीवर लाइन की सफाई पूरी तरह मशीनीकृत करने के लिए 100 करोड़ रुपये का आवंटन नमस्ते मिशन यानि नेशनल एक्शन प्लान फॉर मैक्नाइज्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम योजना के लिए किया है। इससे अगर वास्तव इस सफाई के लिए एक सुव्यवस्थित मशीनीकृत सिस्टम बन गया तो कम से कम बड़े पैमाने पर मानव सफाई कर्मियों की जान की रक्षा हो सकेगी।

## स्वास्थ्य

बाल मुकुन्द ओझा



# ऑस्टियोपोरोसिस के बढ़ते जा रहे रोगी चिंता का विषय

विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस एक वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम है जो हर साल 20 अक्टूबर को मनाया जाता है। विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस 2023 की थीम अपनी हड्डियों से प्यार करें: अपने भविष्य की रक्षा करें जो हर किसी को तीन आसान चरणों का पालन करके ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में मदद करने की याद दिलाता है। ये है वजन सहने वाले जोड़ों का व्यायाम सुनिश्चित करें कि आपको पर्याप्त विटामिन डी मिल रहा है और भरपूर मात्रा में कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों के साथ संतुलित आहार लें। इस विषय को समग्र हड्डी के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए चुना गया है। यह खास दिन ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम, निदान और उपचार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। आधुनिक जीवन शैली, रहन सहन, खान पान और शारीरिक श्रम के प्रति घोर लापरवाही ने मानव शरीर को अनेक व्याधियों ने जकड़ लिया है। इन व्याधियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर बहुआयामी प्रयास किये जा रहे है। इनमें एक व्याधि ऑस्टियोपोरोसिस की है। ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या हमारे देश में दिन प्रतिदिन तेजी से बढ़ रही है। आज घर घर में इससे पीड़ति लोग देखने को मिल जाते है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार ऑस्टियोपोरोसिस एक वैश्विक स्वास्थ्य समस्या के रूप में हृदय रोग के बाद दूसरे स्थान पर आ चुका है। शरीर में बैक पेन, कमर में दर्द, गर्दन में दर्द, घुटने में दर्द या शरीर के किसी भी भाग में हड्डियों में दर्द हो तो आप को तुरंत सावधान हो जाना चाहिए। आपकी हड्डियों की यह शारीरिक पीड़ा ऑस्टियोपोरोसिस हो सकती है। ऑस्टियोपोरोसिस का मतलब हड्डियों का कमजोर और क्षीण होना। उम्र बढ़ने के साथ हमारी कोशिकाओं का शरीर के अनुरूप निर्माण नहीं होता है और हड्डियों के लिए पोषक तत्व कैल्शियम, मैग्नीशियम, विटामिन डी और खनिज पदार्थों को अपनी खुराक में शामिल नहीं होने से हड्डियों कमजोर होने लगती है। जिसका खामियाजा ऑस्टियोपोरोसिस के रूप में भुगतना पड़ता है।

जमाने के बदलने के साथ मानव की आदतें भी बदलती रहती है। शारीरिक श्रम नहीं के बराबर होता है। पुराने जमाने में खान पान के साथ शरीर सौष्ठव का भी विशेष ध्यान रखा जाता था। शरीर कसरती और मेहनत बेशुमार होती थी। महिला और पुरुष दूरदराज के कुएं, तालाब, बावड़ी आदि पानी श्रोतों से मटकों या अन्य साधनों से पीने का पानी लाते थे। घर पर पत्थर की चक्की में आटा पीसने का रिवाज था। घर घर में गाय भैंस का काम भी बहुतायत से किया जाता था। पैदल या साईकिल का स्थान स्कूटर, मोटर साईकिल और चार पहियों के वाहनों ने ले लिया। कबड्डी और कुश्ती जैसे खेल भी गली मोहल्लों में देखने को मिल जाते थे। कहने का तात्पर्य है भरपूर खाते पीते थे तो उसके मुकाबले मेहनत के कामों में भी पीछे नहीं रहते। समय के साथ हमारी दिनचर्या और खान पान की प्रणाली बदली जिसके फलस्वरूप आधुनिक जीवन शैली के अनुरूप हमने अपने को ढालना शुरू कर दिया।

भारत में हर आठ में से एक पुरुष और हर तीन में एक महिला ऑस्टियोपोरोसिस की शिकार है। मुख्यतः 30 से 60 वर्ष के लोग इस बीमारी के शिकार होते हैं। कम उम्र के युवाओं को भी इसका शिकार होना पड़ रहा है। फिर उम्रभर लगातार फिजियो और अन्य चिकित्सकीय साधनों पर निर्भरता बढ़ जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि पीठ में दर्द, कद का छोटा पड़ना या आगे की तरफ झुक जाना इसके कुछ महत्वपूर्ण लक्षण हैं। हड्डी रोग विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में लगभग तीन करोड़ लोग इस बीमारी से पीडति हैं, जिसमें 70 प्रतिशत महिलाएं हैं।



एमएसपी


डा. राजेंद्र प्रसाद शर्मा

# खरीद में बिचौलियों की दखल रुके

सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित छह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी है। पिछले कुछ सालों से बुवाई के समय ही फसलों के एमएसपी की घोषणा करना अच्छी परंपरा मानी जा सकती है। सरकार की मानें तो लागत में खाद-बीज, कीटनाशक, सिंचाई पर व्यय के साथ ही मानव श्रम का भी समावेश किया गया है। लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है। पर यक्ष प्रश्न यही है कि फसल आने के बाद किसान को यह मूल्य मिलेगा ही, इसकी क्या गारंटी हैं ? सारा झगड़ा इसी को लेकर है कि एमएसपी घोषित होती ही ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए कि किसान को उसकी फसल का न्यूनतम मूल्य तो मिल ही जाएं।

केन्द्र सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित छह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी है। पिछले कुछ सालों से बुवाई के समय ही फसलों के एमएसपी की घोषणा करना अच्छी परंपरा मानी जा सकती है। इससे किसान भी कौन सी फसल लेनी है इसका निर्णय आसानी से कर पाते हैं। एमएसपी की घोषणा करते समय यह भी दावा किया गया है कि इन सभी छह फसलों के एमएसपी का निर्धारण लागत से अधिक किया गया है, जिससे किसानों के लिए यह फसलें लाभकारी सिद्ध हो सके। दावों की मानें तो लागत की तुलना में सर्वाधिक 102 प्रतिशत अधिक एमएसपी गेहूं की घोषित की गई है, सबसे कम कुसुम की लागत से 52 प्रतिशत अधिक है तो चना और जौ की लागत से 60 फीसदी अधिक घोषित की गई है। सरसों की लागत से 98 फीसदी तो मसूर की 89 प्रतिशत अधिक राशि तय की गई है। निष्कर्ष रूप से यह कहा जा सकता है कि लागत की तुलना में सभी छह फसलों की एमएसपी दरों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। सरकार की मानें तो लागत में खाद-बीज, कीटनाशक, सिंचाई पर व्यय के साथ ही मानव श्रम का भी समावेश किया गया है। ऐसे में लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है। पर यक्ष प्रश्न यही है कि फसल आने के बाद किसान को यह मूल्य मिलेगा ही इसकी क्या गारंटी हैं ? सारा झगड़ा इसी को लेकर है कि एमएसपी घोषित होती ही ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए कि किसान को उसकी फसल का सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम मूल्य तो मिल ही जाएं। यदि इस तरह की फूलप्रुफ व्यवस्था इनबिल्ट हो जाए तो किसानों को सही मायने में एमएसपी व्यवस्था का फायदा मिल सकता है। दरअसल सब कुछ होने के बाद भी किसान आज भी ठगा महसूस करता है। यही कोई डेढ़ दो माह पुरानी बात होगी जग आम नागरिकों को टमाटर दो सौ रुपये से भी अधिक में खरीदना पड़ा। आज वही टमाटर मण्डियों में दस रुपये के आसपास आ गया है। अब प्रश्न यह है कि टमाटर के दो सौ रुपये होने का लाभ आखिर ना तो उत्पादक किसान को मिला और ना ही आम नागरिकों को मिला। ऐसे में दोनों ही ठगे महसूस करते रह गए तो सरकार की किरकिरी हुई वह अलग। देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था का एक विपरीत प्रभाव सामने आने पर कि किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केन्द्रित होने लगे तो ऐसी स्थिति में सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में लाने का निर्णय किया। केन्द्र सरकार द्वारा सीएसीपी यानी कि कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाने लगी।


आज देश में 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। इसमें 7 गेहूं, धान आदि अनाज फसलें, 5 दलहनी, 7 तिलहनी, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की सिफारिश गन्ना आयोग



द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी सीधे गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है। मुख्यतौर से अनाज की खरीद भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से और दलहन व तिलहन की खरीद नेफैड द्वारा राज्यों की सहकारी संस्थाओं और अन्य खरीद केन्द्रों के माध्यम से की जाती है। केरल सरकार ने 16 तरह की सब्जियों के बेस मूल्य तय कर सब्जी उत्पादक किसानों को बड़ी राहत देने की पहल की है तो अब हरियाणा सरकार भी केरल की तरह हरियाणा में भी सब्जियों का बेस मूल्य तय कर कर रही है।

2004 में एमएस स्वामीनाथन आयोग ने अपनी सिफारिश में न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का एक फार्मूला सुझाते हुए सुझाव दिया कि उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी घोषित की जाए। एमएसपी की सिफारिश करते समय सीएसीपी द्वारा देश के अलग अलग हिस्सों में फसल के अनुसार प्रति हैक्टेयर लागत, खेती के दौरान अन्य खर्चों, भण्डारण की स्थिति, विदेशों में उपलब्धता आदि पैमाने पर आकलन कर प्रत्येक फसल की एमएसपी की सिफारिश की जाती है। 2004 में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार ने 2018-19 में उत्पादन लागत से कम से कम डेढ़ गुणा अधिक मूल्य घोषित करने का निर्णय किया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा एमआईएस यानी कि बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत एमएसपी के दायरे में नहीं आने वाली फसलों की खरीद की व्यवस्था करती आई है। राजस्थान में लहसुन की खरीद, प्याज की खरीद आदि इसका उदाहरण है। इस साल रबी फसलों के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार ही न्यूनतम 52 प्रतिशत से 102 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है। रबी सीजन में सर्वाधिक असर गेहूं और सरसों पर पड़ता है और इसी को ध्यान में रखते हुए गेहू की एमएसपी में लागत की तुलना में 102 प्रतिशत और सरसों की लागत की तुलना में 98 प्रतिशत अधिक घोषित की गई है। यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है और इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था के सुचारु संचालन और बाजार पर नियंत्रण रखना रहा है। अन्य फसलों का जहां तक सवाल है देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फेडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं द्वारा व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफेड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत किया जाता रहा है। किसी समय यह सामान्य धारणा व वास्तविकता थी कि बाजार में जब भी किसी फसल के भाव एमएसपी से नीचे आने लगते तो राज्यों के मार्केटिंग फेडरेशनों द्वारा खरीद की घोषणा करने मात्र से बाजार में भावों में हल्की तेजी तो तत्काल देखने को मिल जाती थी। इसी तरह से यह वास्तविकता भी थी कि एमएसपी पर खरीद शुरू करने के समय यह माना जाता था कि कुल उत्पादन का अधिकतम 25 से 30 प्रतिशत तक खरीद होते होते बाजार में उस फसल के भाव एमएसपी के बराबर या अधिक आ जाएंगे और वास्तविकता तो यह रही कि दस से 15 प्रतिशत तक खरीद होते होते मण्डियों में भाव लगभग एमएसपी के आसपास आ ही जाते थे। पर करीब एक दशक से स्थितियों में तेजी से बदलाव आया है। हद तक एमएसपी खरीद व्यवस्था में अब निजी खरीदारों की भागीदारी बढ़ गई है। छोटे किसानों से उनकी फसलों को कम दामों में खरीद कर उनके नाम से एमएसपी पर खरीद केन्द्रों पर बेच कर लाभ बिचौलिएं लेने लगे हैं। यही कारण है कि कई स्थानों पर उस क्षेत्र में कुल पैदावार से भी अधिक की खरीद एमएसपी पर देखने को मिल जाती है। इसलिए बिचौलिये को रोकना होगा।

# वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित

दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा।

# महिला के शुभ कदम



संकलित

प्रेरणा

एक आदमी ने दुकानदार से पूछाः केले और सेवफल क्या भाव लगाऐ है? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आयी और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदारः केले 5 रु दर्जन और सेब 25 रु किलो। औरत ने कहाः जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहाः ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े देदूँ। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूँ। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोलाः यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है और उस दिन परमात्मा मुझपर मेहरबान होजाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ऑनलाइन शॉपिंग में बढ़ी मुश्किलें


आजकल देश में ऑनलाइन शॉपिंग का दौर भी पूरे जोरों पर शुरू हो चुका है, क्योंकि इससे खासतौर पर उन्हें फायदा होता है जो समय के अभाव के कारण शॉपिंग करने बाजार नहीं जा सकते। लेकिन कभी कभी यह शॉपिंग लोगों के लिए मुश्किल भी पैदा कर देती है। अक्सर यह खबर भी पढ़ने और सुनने को मिलती है कि किसी ने सामान मंगवाया कुछ होता है और संबंधित कंपनी भेज कुछ और देती है, या फिर वो सामान का बिल नहीं भेजती। कुछ ऑनलाइन कंपनियां ऐसी भी हैं जो सोशल साइट्स पर लोगों को अपने जाल में फंसाकर पुराना या घटिया सामान भी बेचती हैं। सरकार को चाहिए कि ऑनलाइन शॉपिंग में उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित करने के लिए भी कोई कठोर कदम उठाए।

- पंकज देशपांडे, बिलासपुर

## करंट अफेयर

# इजराइली को मिलेगा 90 दिन का अमेरिकी वीजा

इजराइल-हमास युद्ध के मद्देनजर अमेरिका ने इजराइल के नागरिकों के लिए 'वीजा छूट' कार्यक्रम शुरू किया जिसके तहत 90 दिन या उससे कम समय के लिए अमेरिका की यात्रा के इच्छुक इजराइली नागरिक वीजा आवेदन किए बिना अमेरिका की यात्रा कर सकेंगे। अमेरिका ने 27 सितंबर को घोषणा की थी कि वह इजरायल को 'वीजा छूट' कार्यक्रम में शामिल कर रहा है। इस कार्यक्रम में 40 से ज्यादा यूरोपीय और एशियाई देशों को शामिल किया गया है, जिनके नागरिक बिना वीजा के तीन महीने के लिए अमेरिका की यात्रा कर सकते हैं।



## ऑफ बीट

# अलार्म पर स्नूज दबाने से ज्यादा थकान नहीं होती

हमारे अध्ययन में पाया गया कि झपकी लेने के बाद, प्रतिभागियों ने उठने के तुरंत बाद कई संज्ञानात्मक परीक्षणों पर वास्तव में थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया। इस आशय की सबसे संभावित व्याख्या यह है कि जब प्रतिभागी झपकी लेने के बाद उठे उन्हें अधिक धीरे-धीरे जागने का मौका मिला। इससे नींद की जड़ता को कुछ हद तक दूर करने में मदद मिली होगी। यह वह मानसिक कोहरे की स्थिति होती है, जिसका कई लोग सुबह के समय अनुभव करते हैं। जागने के तुरंत बाद प्रतिभागियों में देखे गए कोर्टिसोल के स्तर में छोटे अंतर से अधिक धीरे-धीरे जागने का प्रमाण मिल सकता है - जब प्रतिभागी झपकी ले सकते हैं



## ट्रेंड

### प्रगति का द्योतक



प्रायः देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्राओं द्वारा अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया जा रहा है। यह एक बहुत ही सुखद बदलाव है। केवल इतना ही नहीं यह एक बेहतर समाज के निर्माण की दिशा में भारत की प्रगति का द्योतक भी है।

-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### हिंसा चक्र समाप्त हो



गाजा में बच्चों सहित हजारों निर्दोष नागरिकों की हत्या और उनके भोजन, पानी और बिजली को काटकर लाखों लोगों की सामूहिक सजा अपराध है। इजराइल और फिलिस्तीन के बीच हिंसा चक्र को समाप्त किया जाना चाहिए।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### आसान नहीं होगा



यदि मौसम में ओस नहीं है और पिच पर इसका कोई असर नहीं है तो मुझे लगता है कि 300 प्लस का पीछा करना उतना आसान नहीं होगा जितना कि चिन्नास्वामी में आम तौर पर होता है। इसके लिए बहुत दम लगाना होगा।

-हर्षा भोंगले, क्रिकेट विशेषज्ञ

### दहाड़ने को तैयार



आखिरकार वह दिन आ ही गया। कई रातों की नींद हराम, अंतहीन बातचीत, कड़ी मेहनत आदि से बनी वो फिल्म जिसने हमारा सब कुछ ले लिया। टाइगा नागेश्वर राय आज से सिनेमाघरों में दहाड़ने के लिए तैयार है।

-अनुपम खेर, अभिनेता

## संक्षेप

### शादी का झांसा देकर दो साल तक किया शारीरिक शोषण, विवाह से किया इंकार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। शादी का झांसा देकर दो साल तक किया शारीरिक शोषण, विवाह घोषणा पत्र के बावजूद भी युवक व उसके परिवार के लोग साथ रखने से कर रहे हैं इंकार युवक के परिजन के द्वारा प्रताड़ित करने पर युवती ने महिला आयोग व पुलिस महानिरीक्षक को प्रार्थना पत्र देखकर लगाई न्याय की गुहारे बिहार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती ने अपने ही4 गांव के निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर शारिरिक संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए पुलिस महानिरीक्षक व महिला आयोग को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे ही गांव का युवक सचिन कुमार पुत्र राजू शादी का झांसा देकर 2 साल तक मेरे साथ दुष्कर्म किया मैं जब गर्भवती हो गई तब युवक सचिन कुमार बहला फुसला कर गर्भपात कराया लेकिन थोड़े ही दिन दिनों बाद पुनः गर्भवती होने पर युवक के माता-पिता व युवक ने कचहरी में चलकर वही विवाह घोषणा पत्र का दस्तावज बनवाया उसके बाद युवक व उसके माता-पिता ने दबाव बनाकर पुनः गर्भपात करवाया गर्भवती होने के बाद फिर मुझे रखने से इंकार कर दिया और मेरे घर में आकर धमकी भी दिया मैं तुम्हें नहीं रखूंगा तुम दूसरी जगह शादी कर लो पीड़िता ने पुलिस महानिरीक्षक व महिला आयोग को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

### पंजाब मेल ट्रेन में मिला यात्री का शव

अमेठी जिला, अमृतसर से हावड़ा जा रही पंजाब मेल एक्सप्रेस में अज्ञात यात्री का शव मिलने से हड़कंप मच गया। यात्रियों की सूचना के बाद अमेठी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने शव को ट्रेन से उतारकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की जेब से एक मोबाइल मिला है, जिससे उसका पता हरदोई का मिला है। जेब से एक रेलवे टिकट भी बरामद हुआ है, जो अमृतसर से बालामऊ जंक्शन का है। पूरा मामला अमेठी रेलवे स्टेशन का है, जहां अमृतसर से हावड़ा जा रही 13004 पंजाब मेल एक्सप्रेस में एक यात्री के शव मिलने की जानकारी आरपीएफ को मिली।

### वाराणसी-लखनऊ ट्रैक पर मिला वृद्ध का शव

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में वाराणसी-लखनऊ रेलवे ट्रैक पर वृद्ध का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की कोशिस की, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को मच्युरी में रखवाकर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना जिले के लंभुआ कोतवाली अंतर्गत वाराणसी-लखनऊ रेल मार्ग के नरहरपुर स्थित केबिन क्रॉसिंग की है। यहां रविवार सुबह एक 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला। स्थानीय लोगों ने घटना के बाबत पुलिस व रेलवे प्रशासन को इसकी सूचना दिया।

## शिक्षा चौपाल में अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील

अमन लेखनी समाचार/विक्रम मिश्रा




पयागपुर, बहराइच। बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगापुर में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया साथ ही बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की गई बालिकाओं की शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूली छात्राओं द्वारा एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया जिसके माध्यम से शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। शिक्षा चौपाल में उपस्थित एआरपी पवन कुमार मिश्र ने अभिभावकों से संवाद करते हुए बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजना है प्रेरित किया। साथ ही बताया कि शासन की ओर से बच्चों की यूनिफॉर्म जूते मोजे बैग स्वेटर व स्टेशनरी के लिए भेजे जाने वाले ?1200 की धनराशि का उपयोग बच्चों पर ही किया जाए। अभिभावकों से निपुण भारत अभियान के तहत विद्यालय में प्रदान की जा रही गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के विविध तरीके के बारे में अवगत कराया जिसमें प्रमुख रूप से छात्रों के लिए लागू डीबीटी योजना अभिभावको से अपने बच्चों के साथ घर में समय देने व उनसे गृह कार्य का अभ्यास करने की बात कही। शिक्षा चौपाल में ग्राम प्रधान संध्या देवी ने बच्चों के अभिभावको को उनकी शिक्षा को लेकर जागरूक रहना चाहिए जिससे कि गांव में शैक्षिक वातावरण को और बेहतर बनाया जा सके। नोडल शिक्षक संकुल गोपाल जी शुक्ल ने निपुण दक्षता प्राप्त हुए बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूर्णिमा देवी ने किया। जहां पर रंजना गुप्ता सत्येंद्र कुमार सिंह रजनी जयसवाल कंचन देवी अर्चिता शर्मा कुसुम मिश्रा राजकुमार पाठक गोपाल शरण श्रीवास्तव ओंकारनाथ मंजू उमा देवी पूनम अर्चना देवी कर्मावती सत्यवती सहित तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

## जयकारों के साथ हुआ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। विकास खंड क्षेत्र विशेश्वरगंज में शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन दशमी को दुर्गा प्रतिमाओ का विसर्जन किया गया। शारदीय नवरात्र तक माता सेवा में लगे भक्तों ने नम आंखों से माता को विदाई दी। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विराजित दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन मंगलवार को किया गया। भक्तों ने मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी। सेवा गीत गाते हुए भक्त मां अम्बे की शोभा यात्रा निकालकर क्षेत्र भ्रमण किये और प्रतिमा को मोछद्वार पोखरा व क्षेत्र के अन्य घाटो में विसर्जन किया गया।दशमी के दिन प्रतिमाओं का विसर्जन दोपहर से ही शुरू हो गया। मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। महिलाएं व पुरूष सिर पर कलश को लेकर साथ चल रहे थी। भक्त मां का जसगान करते हुए झूमते हुए चल रहे थे। आरती पूजा के बाद दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। माँ दुर्गा की विदाई के साथ नवरात्रि महोत्सव का समापन हो गया विसर्जन को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी।

## शस्त्र और शास्त्र दोनों से सुसज्जित हो हिन्दू समाज

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। विजय दशमी के अवसर पर ₹ नर सेवा - नारायण सेवा ₹ / हिन्दू जागरण मंच ने शहर के बन्धुहार सिविल लाइन कैम्प कार्यालय में पारम्परिक रूप से मंच के संस्था के संस्थापक विमल द्विवेदी के नेतृत्व में एक विशाल शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ सदर विधायक पंकज गुप्ता, संस्था के संस्थापक व मंच के प्रान्तीय मंत्री विमल द्विवेदी द्वारा भगवान श्रीराम जी व शस्त्रों की पूजा अर्चना करने के उपरांत महाआरती कर किया गया इस अवसर पर द्विवेदी ने कहा दशहरा अधर्म पर धर्म की व असत्य पर सत्य कि विजय का प्रतीक है जो हिन्दू समाज को शक्ति संपन्न होने का संकेत करता है क्योंकि सनातन धर्म के सामने भगवान राम के युग में रावण जैसी चुनौतिया थी तो आज वैश्विक समस्या बन चुके विभिन्न स्वरूपों में इस्लामिक आतंकवाद, धर्मांतरण करा रही इसाई मिशनरीज से निपटने कि चुनौतिया सम्मुख खड़ी है जिनसे लड़ने के लिए संस्था वा मंच का एक एक कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है कार्यक्रम में शामिल रहे सैकड़ो कार्यकर्ताओ द्वारा जय श्रीराम के जयघोष व शंखनाद के साथ सनातन धर्म व राष्ट्र रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों से सुसज्जित होने का लिया संकल्प ककार्यक्रम में समर्थ माँ समर्थ भारत की अध्यक्षा अनीता द्विवेदी वीरांगना वाहनी अध्यक्षा नीतू सिंह सेंगर महामंत्री दीपा त्रिपाठी एके दीक्षित आदि ने अपने विचार व्यक्त किये मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यमक्रम समापन कि घोषणा की गयी इस अवसर पर मंच के महामंत्री विष्णु गुप्ता ,नगर अध्यक्ष विकास सिंह सेंगर ,युवा अध्यक्ष मनीष अवस्थी ,नगर महामंत्री धर्मेन्द्र शुक्ला ,नीरज यादव , शिव सेवक त्रिपाठी सुरेश सिंह सेंगर ,केतन अवस्थी ,अनिल सोनी ,आरके मिश्रा ,योगेंद्र तिवारी .अशोक चतुवेर्दी ब्रजेश कुशवाहा ,अशोक शुक्ल , सुनील भदवरिया ,दीपू तिवारी जीतू मिश्रा ,मनीष मिश्रा, अलोक शुक्ल ,परिमल मिश्रा, अभिषेक तिवारी, मुकेश दीक्षित, अमन दुबे अभी तिवारी ,अंशु पांडेय, विवेक तिवारी , इमरान भोले शिवम्शुक्ला गौरव गुप्ता आदि सैकड़ो लोगो ने शस्त्र पूजन किया

## जयकारों के साथ हुआ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन

**भक्तों ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का पूजन-अर्चन करने के बाद सोमवार को मूर्ति विसर्जन का सिलसिला जिले भर में सुबह से शुरू हो गया। जिले में जगह-जगह स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ विसर्जित की गईं। भक्तों ने नम आंखों से माता रानी की विदाई की। कई प्रतिमाओं का विसर्जन देर शाम किया गया। देर रात तक मूर्ति विसर्जन स्थल पर फोर्स मौजूद रही। कैसरगंज के पीपल वाली गली तथा सब्जी मंडी में स्थापित की गई दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन मंगलवार को किया गया। विसर्जन जुलूस में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए लोग चल रहे थे। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल रहे। स्थापित दुर्गा प्रतिमा की विदाई भक्तों ने नम आंखों से दी। दुर्गा पंडालों से मूर्तियों को विसर्जन के लिए नाचते गाते जयकारे लगाते हुए धूमधाम से जरवल कटी ले जाया गया और विसर्जित किया गया। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने के पूर्व महिलाओं ने मां को सिंदूर लगाकर सुहाग की रक्षा की कामना की। कैसरगंज बाजार में चार स्थलों पर स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन एक साथ जुलूस निकालकर किया गया। डीजे गाजे बाजे के साथ जरवल कटी में विसर्जन किया गया। इस मौके पर प्रभात सिंह, प्रमोद सिंह ( कांटा बाबू), संदीप सोनी, अनु रस्तोगी, कौशलेंद्र चौधरी, बद्री यज्ञसैनी, नंदकुमार सोनी अतुल यज्ञसैनी, राजू सोनी, हिमांशु सिंह, रवि सोनी, पवन सोनी, प्रकाश सोनी, दिनेश कौशल, डॉक्टर अरविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर ट्रॉली व पिकप की भीषण दुर्घटना में दो की मौत, आठ घायल

अमन लेखनी समाचार/सिराज

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज के तरफ से जा रही ट्रैक्टर ट्राली व बहराइच की तरफ से आ रही छोटा हाथी पिकअप के बीच भीषण टक्कर जिसमें दो की मौत आठ लोग गंभीर रूप से जख्मी जिसमें से -सात जिला चिकित्सालय रेफर। एक का सीएससी फखरपुर में चल रहा है इलाज। सूचना पाते ही घटनास्थल पर थाना अध्यक्ष फखरपुर अनुज त्रिपाठी एस एस आई बिंदेश्वरी यादव मय फोर्स घटनास्थल पहुंचे आनंन- फानन में घायलों को सीएससी फखरपुर पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक पिकअप छोटा हाथी फखरपुर से चलकर अपने गांव शिवराजपुर जा रहा था तभी शिवराजपुर मोड पर पहुंचते ही कैसरगंज की तरफ से बहराइच जा रही ट्रैक्टर ट्राली ने जोरदार ठोकर मार दी। जिससे खबर लिखे जाने तक एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई तो वही आठ लोग गंभीर रूप से घायल हुए। इसकी सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष फखरपुर अनुज त्रिपाठी माय फोर्स मौके पर पहुंचे। तत्काल प्रभाव से घायलों को सी एच सी फखरपुर पहुंचाया गया। मृतक की पहचान अल्ताफ पुत्र नन्हू 26 वर्ष एठं घायल नरेंद्र पुत्र अंबर उम्र अज्ञात मिथिलेश पुत्र राम मूरत 25 वर्ष नीरज पुत्र राकेश 10 वर्ष नैमिष पुत्र जयेंकर 10 वर्ष रामविलास पुत्र राजित राम 30 वर्ष विशाल पुत्र रामजस 25 वर्ष शिवकुमार पुत्र भारत 17 वर्ष अरविंद पुत्र बाले 15 वर्ष निवासी शिवराजपुर की पहचान हुई, जिसमें डॉक्टर ने 7 लोगों की हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। वहीं घटना की सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## रंजिश के चलते युवक के पैर पर चढ़ाई बाइक, केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर/बहराइच। थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम मरवटीया पूरेशिवसहाय निवासी किसन ने स्थानीय थाने पर तहरीर देकर अपने ही गांव निवासी दबंगों के विरुद्ध पैर पर मोटर साइकिल चढ़ाकर चोटिल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने अपने तहरीर में बताया है कि पुलिस द्वारा पूर्व में सुलह करवाने के बाद बदले की भावना से विपक्षी बाबूराम गिरि व।अदालत एक राय होकर दोपहर बाद उसकी दुकान पर चढ़ गए। उसके पैर पर बाइक चढ़ा दी तथा दुकान में तोड़फोड़ कर उसे मारा पीटा। थाना अध्यक्ष सूरज कुमार राना ने बताया कि तहरीर में नामित आरोपियों के विरुद्ध धारा 279,337,452,323,504,506,427 आई पी सी के तहत मामला दर्ज कर अगली कार्यवाही की जा रही है।

## चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच प्रशांत वर्मा द्वारा चोरी की घटनाओं के रोकथाम व चोरी की घटना कारित करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पांडे के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक राम गोविंद वर्मा चौकी इंचार्ज बाबागंज मय पुलिस बल के मुखबिर खास की सूचना पर गणेशपुर दाखिला सोरहिया जाने वाले रास्ते के आगे पुलिया से अभियुक्त एजाज बाबू पुत्र नियम उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी गणेशपुर थाना रुपया जनपद बहराइच को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल पल्सर 220 सीसी जिस पर



भारतीय नम्बर प्लेट लगा बरामद हुई। बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही अभियुक्त एजाज बाबू उपरोक्त कों माननीय न्यायलय बहराइच रवाना किया गया।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकला प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। थाना रुपईडीहा क्षेत्र में भारी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रतिमायें विसर्जन के लिए विसर्जन स्थल गायघाट के लिए रवाना हुई। बताते चले कि रुपईडीहा थाना क्षेत्र में 171 स्थान पर अस्थाई प्रतिमाएं स्थापित की गई थी जबकि 07 स्थानों पर अस्थाई प्रतिमाएं स्थापित थी। थाना रूपईडीहा प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व व दिशा निर्देश मे थाना क्षेत्र की दुर्गा प्रतिमाये विसर्जन स्थल गायघाट के लिये पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रूपईडीहा थानाक्षेत्र से कस्बा बाबागंज, जमोग, बरवलिया, चरदा, सहित समस्त ग्रामीण क्षेत्रों से विसर्जन स्थल गायघाट के लिए सकुशल रवाना हुईं। जहां गायघाट मे इन दुर्गा प्रतिमाओं का श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया गया। प्रतिमाओं के सकुशल विसर्जन जुलूस के समय रूपईडीहा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह सहित बाबागंज चौकी प्रभारी राम गोविंद वर्मा, उप निरीक्षक अश्वनी कुमार पांडेय, कृष्ण कुमार, श्याम बिहारी सहित संबंधित बीट के पुलिसकर्मी बराबर मुस्तैद रहे।

## फखरपुर के विभिन्न स्थानों पर किया गया मूर्ति विसर्जन

**बुलडोजर से निकली विसर्जन यात्रा**

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। फखरपुर क्षेत्र में स्थित भकला गांधी घाट पर कुंडासर ,सौगहना, मेंथौरा, कोठवल, सरायंअली, भकला बाजार के स्थान का विसर्जन हुआ वही भीलोरा बांसू के दहौरा घाट में नियामतपुर, रामप्रसाद पुरवा चौधरी पुरवा बदौरा क्षेत्र पकौडी, टेंडवा समदा पुरवा, फखरपुर विभिन्न गांवों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं को आयोजकों की देखरेख में गाजे बाजे के साथ दहोरा ताल घाट पर श्रद्धालुओं द्वारा विसर्जन किया जा रहा है जो सुबह तक चलता रहेगा। गांव से निकली यात्रा के साथ चल रहे सैकडों भक्तों की भीड़ जय माता दी के नारे लगाकर माता जी का आशीर्वाद लिया।इस मौके पर समाजसेवियों द्वारा जगह जगह स्टाल लगाकर लंगर प्रसाद वितरण किया गया।खुशहाल चौधरी, अखिलेश चौधरी, दिलीप पांडे, अजय सिंह, दिलीप सिंह, गुड्डु गौड़ रामु गौड़ केके पण्डित महंत नान बाबा, बन्टी राधे दिनेश, ननकू, बनवारी तारा चन्द्र मुन्ना ,पाल प्रेम लोधी, अंकित, रमन, आनन्द, राजा दीपक समेत तमाम लोग मौजूद रहे।फखरपुर थाना अध्यक्ष अनुज तिपाठी एस आई बिंदेश्वरी यादव, शैलेन्द्र यादव अमित सिंह समेत अन्य पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रही।

## धूमधाम से हुआ रावण दहन, मनाया गया दशहरा

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। हर वर्ष की भांति इस साल भी विशेश्वरगंज क्षेत्र में जगह जगह विजय दशमी के दिन रावण दहन का आयोजन प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से बड़े धूमधाम से किया गया। क्षेत्र के रानियापुर में आयोजित रावण दहन में उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल ने कहा कि विजय दशमी का बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। हम बाहर रावण का पुतला जलाकर यह बता तो देते है कि बुराई की हमेशा हार और अच्छाई की जीत होती है, लेकिन हम अपने अंदर की बुराई को खत्म करने के बारे में नहीं सोचते। विजय दशमी बहुत ही सुखद और ऐतिहासिक पर्व है हम सबको इस दिन अपने अंदर के रावण का खत्म कर खुशी के साथ मनाना चाहिए। क्षेत्र में पुरैना बाजार, विशेश्वरगंज, सेमरौंना, दपौली सहित कई स्थानों पर रावण के पुतले जलाए गए व मेलों का आयोजन हुआ। कई स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन भी धूम से किया गया।

## चकमा देकर दुकानदार से ठगा बीस हजार की नकदी

पयागपुर, बहराइच। थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम लक्खाराम पर निवासी संतोष कुमार सिंह के बिल्डिंग मिटेरियल की दुकान पर एक अज्ञात व्यक्ति ने चकमा देकर बीस हजार की नकदी ऐंठ ली। पीड़ित ने स्थानीय थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि एक अज्ञात व्यक्ति स्प्लेंडर प्रो से उनकी दुकान पर आया, तीस हजार से अधिक की धनराशि का बिल्डिंग मेटेरियल का ऑर्डर लिखवाया तथा बोला बीस हजार नकद दे दो ,कुछ देर में पचास हजार का ऑनलाइन पेमेंट करा देता हूं । दुकानदार ने अपने नौकर को उसके साथ पेमेंट के संबंध में भेजा। नौकर को रास्ते में उतारकर आरोपी बीस हजार की नकदी के साथ रफू चक्कर हो गया।घटना की सीसीटीवी फुटेज में ठगी करने वाले की फोटो कैद हो गई है।

## हमीरपुर में सड़क हादसे में पांच पुलिसकर्मी घायल

- दो कानपुर रेफर, अनियंत्रित ट्रक ने पुलिस पेट्रोलिंग कार, कोबरा बाइक सहित अन्य वाहनों में मारी टक्कर

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर, हमीरपुर में बीती देर रात एक अनियंत्रित ट्रक ने पुलिस पेट्रोलिंग कार, कोबरा बाइक और अन्य वाहनों को टक्कर मार दी है। इस हादसे में पांच पुलिस कर्मी घायल हुए हैं। जिनमें से तीन लोगों को गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया है। जबकि कोतवाली पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। यह हादसा मौदहा कोतवाली क्षेत्र में बीती देर रात लगभग ढाई बजे के आसपास हुआ है। यहां नेशनल हाइवे 34 पर कानपुर की तरफ से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने पुलिस की पेट्रोलिंग कार, कोबरा बाइक सहित अन्य कई वाहनों पर टक्कर मारी है। इस हादसे में पांच पुलिस कर्मी घायल हुए हैं, जिन्हें आनन फानन में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से तीन लोगों की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें कानपुर रेफर किया गया है। हादसे की सूचना पर पहुंची मौदहा कोतवाली पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

## राठ में तालाब में डूबने से युवक की मौत



**नहाने के लिए गया था, मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था**

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर में तालाब में नहाने के लिए गए 30 वर्षीय एक युवक की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक युवक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, राठ कोतवाली क्षेत्र के गलिहया गांव का निवासी 30 वर्षीय युवक सुरेश कुमार पुत्र बिंदु जो कि गांव में ही मवई रोड पर स्थित तालाब में नहाने के लिए गया हुआ था। तभी अचानक तालाब में नहाने के दौरान संतुलन बिगड़ने से सुरेश कुमार की तालाब में डूबने से मौत हो गई। जब ग्रामीणों ने उसके शव को पानी में उतराता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गये। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक पूरी तरीके से तैरना नहीं जानता था।

## हमीरपुर में अनियंत्रित होकर फिसली बाइक

- युवक की मौत, साथी घायल, पत्नी-बच्चों को लेने जा रहा था

अमन लेखनी समाचार




राठ, हमीरपुर में साईं मंदिर के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के फिसलने से एक युवक की सड़क पर गिरकर मौत हो गई। साथी मामूली रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगते ही मृतक युवक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार, राठ क्षेत्र के मुस्करा थाना अंतर्गत बिहूनी गांव का निवासी 28 वर्षीय जसवंत पुत्र मूलचंद जो कि बिहूनी गांव अपने दोस्त निरंजन पुत्र रामदास के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपनी पत्नी सविता को लेने जा रहा था। तभी मुस्करा रोड स्थित साईं मंदिर के पास अचानक उनकी तेज रफ्तार बाइक का संतुलन बिगड़ गया जिससे बाइक पर सवार जसवंत की बाइक से गिरकर घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहा निरंजन भी मामूली रूप से घायल हो गया। बता दें कि जसवंत की पत्नी सविता अपने जीजा के साथ अपने मायके ग्राम चौसड चित्रकूट से राठ आई हुई थी। जिसे लेने के लिए जसवंत अपने साथी निरंजन के साथ अपने गांव बिहूनी से राठ आ रहा था। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक जसवंत मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनों ने शासन प्रशासन से मृतक के परिजनों को मुआवजा के रूप में राहत राशि दिलवाये जाने की मांग की है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा मारकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# संक्षेप

## आंखों की निःशुल्क जांच और चश्मा वितरण कैंप गुरुवार को होगा



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के ग्राम सभा उसका मल्हीपुर में आईजीएल के सौजन्य से दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में आंखों की निःशुल्क जांच और चश्मा वितरण कैंप का आयोजन गुरुवार होना है। इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन में तथा राज आई केयर अस्पताल के सहयोग से आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में आंखों की निःशुल्क जांच और चश्मा वितरण किया जाएगा। कैंप का आयोजन वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा के देखरेख में सुबह दस बजे से शुरू होगा।

## गुटखा के विवाद में चाय वाले की हत्या का खुलासा

### इंटर के छात्रों ने की थी हत्या, कहासुनी में गुस्सा आया और मार डाला

मेरठ, मेरठ में मेडिकल थाना क्षेत्र में हुई चायवाले की हत्या में पुलिस ने 1 आरोपी को अरेस्ट किया है। जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि मृतक ओंकार से उनकी कहासुनी हुई थी। इसी गुस्से में उन्होंने ओंकार को सबक सिखाने के लिए उस पर गोली चला दी और मौत हो गई। शनिवार देर रात पुलिस ने आरोपियों को वारदात के 36 घंटे के भीतर अरेस्ट कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस की आरोपियों के साथ रात को मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में एक आरोपी शोएब के पैर में गोली लग गई। गोली लगने से घायल शोएब वहीं गिर पड़ा और पुलिस की पकड़ में आ गया। उसका साथी सलमान मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पूछताछ में शोएब ने बताया कि 20 अक्टूबर को वो दो लोग डॉ. अंबेडकर स्कूल तेजगढ़ी से पेपर देने के बाद काजीपुर के रास्ते अपने गांव घोसीपुर जा रहे थे। तभी वो दोनों जागृति विहार एक्सटेंशन के पास चाय के खोखे पर वे दोनों सुपारी लेने के लिए रुके। जहां पहले से खड़े तीन लड़कों के साथ उनकी बाइक लगने की बात पर कहासुनी हो गई। जिस पर उन लड़कों ने इन दोनों शोएब और सलमान के साथ मारपीट कर दी। किसी तरह चायवाले ने दोनों पक्षों में बीचबचाव कराकर उन्हें भेज दिया। थोड़ी देर बाद शोएब, सलमान अपने गांव से वापस चाय की दुकान पर पहुंचे। अपने साथ एक दोस्त से तमंचा लेकर आए। शोएब, सलमान ने चायवाले ओंकार से उन तीनों लड़के के बारे में पूछा। चायवाले ने कहा वो उनको नहीं जानता।

# समाजसेवी ने विजय दशमी के अंतिम दिन मेले में किया प्रसाद वितरण

### हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद, दिन में 11 बजे से रात 10 बजे तक अनवरत आयोजनग्रामीणों के बीच प्रसाद का वितरण

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। खजनी तहसील अंतर्गत भदारखास महोदवा बाजार में समाजसेवी मदन लाल गुप्ता के द्वारा ग्रामीणों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। शारदीय नवरात्रि के विजय दशमी के अंतिम दिन मेले में किया प्रसाद वितरण किया गया।

इस मौके पर मदनलाल गुप्ता ,दीपक कसौधन ने ग्रामीणों के लिए प्रसाद सह भोजन की व्यवस्था की थी। श्री दुर्गा पूजा एव ? दशहरा के शुभ अवसर पर प्रदान वितरण के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में भदार खास महादेवा बाजार ग्रामीणों के लोगों ने भाग लिया।जिसमें आसपास के क्षेत्र के हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा विशेष प्रसाद भंडारा ग्रहण किया गया। राहगीर और श्रद्धालुओं ने भी प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मदन लाल गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष कोटेदार संघ गोरखपुर ने कहा कि वे सभी के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास कर रहे है। माता के अनेक कार्यकताओं गण ने चढबढ कर हिस्सा लिया श्रद्धालुगण आकाश डीजे लाइट महादेवा बाजार, रामनाथ ,झीनक रावत, राजू, अजय, हनुमान गोस्वामी , दीपू ,प्रमोद, राजकुमार, दिव्यांशु कसौधन,आदि सैकड़ों के तदाद में उपस्थित कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# विजयदशमी पर गोरक्षपीठाधीश्वर ने किया गुरु गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर में विजयदशमी पर्व का शुभारंभ मंगलवार प्रातः काल श्रीनाथ जी ( भगवान शिव के अवतार गुरु गोरक्षनाथ ) के विशिष्ट पूजन अनुष्ठान से हुआ। गोरक्षपीठाधीश्वर के विशेष परिधान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परंपरा का अनुसरण करते हुए विधि विधान से श्रीनाथ जी की पूजा-आराधना की। ततपश्चात मंदिर में प्रतिष्ठित सभी देव विग्रहों का विशिष्ट पूजन किया। मुख्यमंत्री ने करबद्ध होकर श्रीनाथ जी और सभी देव विग्रहों की परिक्रमा भी की और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान नाथपंथ के परंपरागत विशेष वाद्य यंत्र नागफनी, शंख, ढोल, घंट, डमरू की गूंज से पूरा मंदिर परिसर भक्ति भाव में तरंगित रहा।

# गोपूजन कर सीएम योगी ने की गोसेवा



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी के विशिष्ट पूजन के क्रम में सीएम योगी ने मंगलवार सुबह मंदिर की गोशाला में गोपूजन किया। गोमाता के माथे पर तिलक लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। पूजनोपरांत मुख्यमंत्री ने गोमाता को प्रेम और श्रद्धाभाव से पूड़ी, गुड़, खिलाकर उनकी सेवा की। गोसेवा के प्रति सीएम योगी बेहद संवेदनशील रहते हैं। उनका गोमाता और गोवंश से आत्मीय लगाव है। यही वजह है कि कुछ छोटे गोवंश को पूड़ी खिलाते हुए उन्होंने पूड़ी के छोटे-छोटे टुकड़े कर दिए ताकि उन्हें खाने में तकलीफ न हो। गोरक्षपीठाधीश्वर ने भीम सरोवर का पूजन कर इसमें रहने वाली मछलियों को चारा ( लाई ) भी खिलाया।

# माता सबकी करती हैं कल्याण



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के गीडा के निकट ग्राम पंचायत झुंगियां गांव के मनु हॉस्पिटल एंड लैप्रोस्कोपिक सेंटर पर आयोजित मां भक्ति आराधना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही वहां विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर कथा वाचक स्वामी अजुर्नानंद जी महाराज ने कहा कि नवरात्रि में माता के 9 दिनों के उपवास की परंपरा तब से चली आ रही है जब से रामायण में समुद्र पर पुल बनने से पहले प्रभु श्री राम माता दुर्गा का 9 दिन का उपवास रखते हैं, उनका बंदन और पूजन करते हैं और अंत में लंका पति रावण पर विजय प्राप्त करते हैं ।नवरात्र के 9 दिनों में व्रत, उपवास रखने से आत्मा पवित्र होती है, माता सबका कल्याण करती हैं। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। सहजनवां के भाजपा विधायक प्रदीप शुक्ला और ब्लॉक प्रमुख दिलीप कुमार यादव ने माता की मूर्ति की आरती किए। कार्यक्रम के संचालक व अध्यक्ष डॉ जी एन यादव ने इन्हें अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर स्वरूपानंद जी महाराज, प्रबुद्धानंद जी महाराज , ऋषिकेश जी महराज , जयप्रकाश सिंह, सुनील निगम, ओमकार यादव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सम्पन्न हुआ कौड़ीराम का प्राचीन दशहरा मेला

## प्रशासन की मुस्तैदी नहीं हुई कोई कोई अप्रिय घटना

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सर्वोदय किसान इंटर कॉलेज कौड़ीराम के प्रांगण में प्राचीन काल से चला आ रहा दशहरे का मेला जो विजयादशमी के दिन लगता है, प्रशासन की मुस्तैदी से सकुशल संपन्न हो गया। कौड़ीराम पुलिस चौकी इंचार्ज अश्विनी चौबे व पुलिस चौकी ब्लॉक के चौकी इंचार्ज शैलेन्द्र मिश्रा व उनके कांस्टेबलों द्वारा मेला समाप्ति तक निगरानी की गई।

जिससे किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं हो सका। हर बार की अपेक्षा इस बार दशहरे के मेले में काफी भीड़ थी। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों तक ने मेला का आनंद लिया। मेले में राम और रावण का युद्ध भी हुआ जिसमें रावण की मृत्यु के बाद उनके प्रतीक के रूप में पुतला जलाया गया। हर बार की तरह इस बार भी ग्राम पंचायत धस्का के ग्राम प्रधान द्वारा मेला लगवाया गया था। ग्राम प्रधान मनोज यादव मेले की शुरूआत से समाप्ति तक व्यवस्था की निगरानी करते रहे। इस मौके पर सर्वोदय शिक्षा समिति के प्रबंधक सीताराम राय भी मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने भराया दलित अधिकार मांग पत्र



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत क्षेत्र स्थित के ग्राम कुआवल कला के दलित में बस्ती प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर सहजनवां ब्लाक के ग्राम कुआवल कला के दलित बस्ती में कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गब्बू लाल प्रजापति के नेतृत्व में दलित अधिकार मांग पत्र भरा गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आरम्भ से ही देश के संविधान और दलितों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। इसी प्रतिबद्ध की कड़ी में हम कांग्रेस जन दलित गौरव संवाद कर रहे हैं। संवाद करते कांग्रेस नेता लक्ष्मी नारायण पासवान ने कहा कि संविधान की रक्षा, शिक्षा की सुदुण व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा रोजगार की व्यवस्था होनी चाहिए। दलित गौरव संवाद के जरिए पुरे सहजनवा विधानसभा में संवाद किया जा रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मनोज यादव, बद्रीनाथ शुक्ल, सुबाष, गोविंद, संदीप, रामहित, राममिलन,देवीशरण, रामसेवक दास, सतीश, चन्दन, सत्यम, विनय राव, रोहित, रामचंद्र, पन्ने लाल, विजई पासवान, इन्द्रेश सहित कई लोग उपस्थित थे।

# प्रशासन के सराहनीय प्रयास से मूक बधिर महिला से मिले परिजन

अमन लेखनी समाचार



औंग, फतेहपुर। जनपद के औंग थाना प्रभारी निरीक्षक विद्या यादव के सराहनीय प्रयास से एक मूक बधिर अशिक्षित महिला अपने परिजनों से मिली मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी अपने हमराही आरक्षियों के साथ ग्रस्त पर थी इसी समय एक 45 वर्षीय महिला चिंता जनक स्थिति में दिखाई पड़ी थाना प्रभारी ने महिला से बातचीत करने का प्रयास किया परंतु महिला मूक बधिर तथा अशिक्षित निकली प्रशासन ने आसपास के लोगों से जानकारी करने का प्रयास किया परंतु महिला की कोई पहचान नहीं कर सका जिससे महिला को थाना औंग लाया गया इसके साथ-साथ महिला की फोटो तथा दूरभाष नम्बर सोशल मीडिया में प्रसारित की गई जिसकी जानकारी मिलते ही महिला के परिजन थाना परिसर पहुंचे थाने पहुंचे महिला के पारिवारिक भाई दीपक पुत्र शिव प्रसाद निवासी कनहा थाना डलमऊ जनपद रायबरेली ने बताया की महिला अपने मायके गांव कनहा थाना डलमऊ से ससुराल पूरे पासिन का पुरवा जा रही थी जहां रास्ता भूल जाने के कारण इधर-उधर भटकती रही थाना प्रभारी विद्या यादव ने सिनाख्त होने के पश्चात मुख बधिर महिला को पारिवारिक भाई दीपक पुत्र शिव प्रसाद को सुपुर्द किया इस सराहनीय प्रयास में थाना प्रभारी के साथ उप निरीक्षक हरिनाथ सिंह आरक्षी हरीश कुमार अनिल कुमार यादव तथा महिला आरक्षी नेहा यादव आदि सम्मिलित रहे

# मां जगत जननी को भक्तों ने दी अंतिम विदाई

### विसर्जन के दौरान बाजे गाजे के साथ उमडा भक्तों का जन सैलाब

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे समेत अनेक स्थान जैसे कलाना बम्थरा मंगलपुर टकौली बुढ़वां न्योरी जलालपुर नसेनिया समेत दर्जनों स्थानों में नवरात्र के पश्चात भक्तों ने मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम संपन्न किया कार्यक्रम के दसवें दिन जहानाबाद कस्बे के भक्तों ने रिंद नदी के तट पर माता का विसर्जन किया वहीं थाना क्षेत्र के गांव नेवरी जलालपुर में कार्यक्रम के आयोजक भक्तगण सुभाष पांडे राजू सिंह मुनेशपाल लकी अनुज शैलेंद्र रवि राघवेंद्र आदि भारी संख्या में भक्ति गणो ने प्रातः काल माता का पूजन तथा भव्य आरती करते हुए विसर्जन यात्रा निकाली गाजे बाजे डीजे ढोल नगाड़े के बीच भक्तों का जन सैलाब देखने को मिला जहां नृत्य गीत अबीर गुलाल के साथ मां जगत जननी की अविरल विदाई की गई सभी भक्तों ने नदी के तट पर शिवपुरी गाँव के पास जाकर माता का विसर्जन किया विसर्जन कार्यक्रम के दौरान अनवरत कार्यक्रम में भागीदारी निभाने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों को सम्मानित किया गया ग्रामीण बुजुर्ग शारदा पाण्डेय एवं आयोजकों द्वारा लगभग दो दर्जन से अधिक बच्चों के सराहनीय कार्य देखते हुए पुरस्कार भेंट किया गया इस मौके पर संजय पाल नीतीश निगम राज विश्वकर्मा सोनू तिवारी अनीश खान पूरन तिवारी अनिमेष सविता कुक्कू पांडे शालू सिंह सुधा सिंह रानी पांडे फुला सिंह प्रिशू सिंह अलका निगम रिंकी विश्वकर्मा अनामिका तिवारी रितु अंकित पाल तथा शालिनी सिंह समेत भारी संख्या में महिला पुरुष भक्तगण मौजूद रहे

अरेस्ट

## रेजिडेंशियल इलाके में चल रहा था ओयो होटल, पुलिस ने मारा छापा, स्टाफ अरेस्ट

# मेरठ में कांग्रेस नेत्री का अवैध होटल सील

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में कांग्रेस नेत्री और विधानसभा चुनाव 2022 में किठौर से प्रत्याशी रही बबीता गुर्जर के घर में चल रहे अवैध होटल को पुलिस ने सील कर दिया है। कांग्रेस नेत्री के घर में गलत तरीके से ओयो होटल चल रहा था। रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी को कॉमर्शियल यूज किया जा रहा था। इतना ही नहीं जब पुलिस चेकिंग करने पहुंची तो नेत्री ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। गेट नहीं खोला, बाद में सख्ती करने पर बबीता गुर्जर बाहर आई। पुलिस ने होटल सील कर दिया है, स्टाफ को हिरासत में लिया है। शनिवार को मेरठ पुलिस ने होटलों में चेकिंग अभियान चलाया। सीओ ब्रहमपुरी शुचिता सिंह परतापुर, कंकरखेड़ा साइड में होटलों में छापेमारी करने पहुंची। 9 होटलों को टीमों ने चेक किया। इसमें सभी होटल फर्जी तरीके से चलते मिले हैं। संबंधित विभागों की एनओसी नहीं है। होटलों के पास सराय एक्ट के तहत न सीसीटीवी फुटेज है, न वहां आने वाले लोगों का रिकार्ड रखा जा रहा है। पुलिस ने ओयो ब्रदर्स, महाराजा, फॉर सीजन, मेरठ इंटरनेशनल सहित अन्य होटलों पर छापा मारकर एक्शन लिया है। इसी क्रम में पुलिस ने वेदव्यासपुरी कंकरखेड़ा में ओयो ब्रदर्स होटल को चेक किया। होटल कांग्रेस नेत्री बबीता गुर्जर के मकान में गलत तरीके से चल रहा है। चेकिंग में कांग्रेस नेत्री ने कहा, उन्हें जानकारी नहीं कि उनके घर में होटल चल रहा है। बाद में कहा कि होटल उन्होंने किराए पर दिया है, किराएदार चला रहा होगा। पुलिस ने जब बबीता गुर्जर से किरायानामा मांगा तो देखा रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी और इलाके में अवैध तरीके से कॉमर्शियल वर्क हो रहा है। होटल संचालन में किसी भी तरह की प्रापर एनओसी नहीं ली गई है। किराएदार भी गायब है। पुलिस ने होटल का डाटा चेक किया तो वो नहीं मिला। कालोनी में कपल्स के लिए होटल चल रहा था। होटल में चेकिंग के दौरान कपल्स भी मिले। इतना ही नहीं बाहर बोर्ड पर स्पष्ट लिखा था ओनली फॉर कपल्स। जब कांग्रेस नेत्री ने पुलिस को और जानकारी नहीं दी तो पुलिस ने होटल सील कर दिया। साथ ही स्टाफ को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। होटल स्टाफ के मोबाइल में काफी अश्लील कंटेंट और युवक, युवतियों के गलत फोटो भी मिले हैं। बता दें कि डॉ. बबीता गुर्जर मूल रूप से किठौर की रहने वाली हैं। किठौर से 2022 में कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुकी हैं। लड़की हूं लड़ सकती हूं अभियान के तहत पार्टी ने उन्हें टिकट दिया था। हालांकि चुनाव जीत नहीं पाई। सीओ ब्रहमपुरी शुचिता सिंह ने बताया, बबीता गुर्जर के घर में गलत तरीके से होटल चल रहा था। रेजिडेंशियल इलाके में कॉमर्शियल वर्क हो रहा है। होटल में कपल्स को कमरे प्रोवाइड कराए जाते हैं। 2 होटलों को सील किया है, 7 को 2 दिन का समय दिया है अपने कागजात पूरे कर लें नहीं तो उन पर भी एक्शन होगा। छापेमारी अभियान अभी और चलेगा।

# ड्यूटी के दौरान खर्राटें भर रहा होमगार्ड वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार



औग, फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र में देवमई कंपनी से तैनात होमगार्ड राजकुमार सिंह का बकेवर कस्बे में ड्यूटी के दौरान गहरी नींद में खरार्टे से सोते हुए वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है ड्यूटी के दौरान अपनी जिम्मेदारी होमगार्ड राजकुमार सिंह भूल कर खरार्टे भर रहा है योगी सरकार की छवि धूमिल करने का काम होमगार्ड विभाग में तैनात राजकुमार सिंह ने आखिर दिखा ही दिया है जैसे ही सोशल मीडिया में सोते हुए होमगार्ड का खाकी वर्दी पहने वीडियो वायरल हुआ तो लोगों के मन में तरह-तरह की बातें उत्पन्न होने लगी कि कस्बा में जहां पर होमगार्ड की ड्यूटी लगाई गई वहां पर कैसे सुरक्षा रहेगी जब सुरक्षा कर्मी ही गहरी नींद में सो रहा है जहां थाना कस्बा में सुरक्षा के लिए होमगार्ड की ड्यूटी लगाई जाती है तो वही जमकर खरार्टे भरते हुए गहरी नींद में सो रहा होमगार्ड राजकुमार सिंह विभाग के ऊपर बड़ा सवाल उठता है वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होते ही होमगार्ड विभाग में हड़कंप मच गया जैसे ही देवमई कंपनी बटालियन के प्लाटून कमांडर जयप्रकाश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि राजकुमार सिंह624जेरीमेंट की ड्यूटी बकेवर थाना के ठीक बगल में लगी हुई थी जो ड्यूटी के दौरान सो रहा था हालांकि इस मामले में जैसे ही जिला कमांडेंट फतेहपुर अर्जुन प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने वायरल वीडियो को देखते हुए तत्काल होमगार्ड के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की बात कही है।

## संक्षेप

### गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ क हरदोई जिले के लोनार स्थित जनिया मऊ निवासी प्रिंस पांडेय ने सरोजनीनगर के कृष्णा लोक कॉलोनी निवासी हिमांशु के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रिंस पांडेय का कहना है कि वह कृष्णा लोक कॉलोनी स्थित एयर कूरियर सर्विस कंपनी में काम करता है। उसका कहना है कि इसका भवन किराए पर है और उसी के नीचे मकान मालिक भी रहते हैं। प्रिंस का आरोप है कि मंगलवार को मकान मालिक का बेटा हिमांशु अचानक ऑफिस में घुसकर गालियां देने लगा और गेट पर बुलाकर मारा पीटा। साथ ही यहां नौकरी करने आने पर जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### जानलेवा हमला और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। बिजनौर के नटकुर निवासी विवेक गुप्ता ने सोनू, सोनू के भाई और दो-तीन अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गाली गलौज, जानलेवा हमले और जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। विवेक गुप्ता का कहना है कि वह सरोजनीनगर के अमौसी स्थित चौहान पैलेस में प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। उसका कहना है कि मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे वह चौहान पैलेस से अमौसी बाजार अंडा लेने गया था। तभी वहां मौजूद सोनू नामक युवक ने उससे गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने मारपीट की। बाद में वह किसी तरह वहां से बचकर चौहान पैलेस पहुंचा, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद सोनू अपने भाई और दो-तीन अन्य लोगों को लेकर वहां पहुंचा और उसे मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया। आरोप है कि बाद में आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### विवाहिता ने ससुराल वालो पर गाली गलौज मारपीट करने का लगया आरोप रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। बिजनौर के परवर पश्चिम निवासी पूनम ने अपने ससुर हौसला प्रसाद, पति रामकरन और सास रामफला के खिलाफ मामूली बात पर गाली गलौज और मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूनम का कहना है कि बीती 9 अक्टूबर की शाम मामूली बात को लेकर हौसला प्रसाद, रामकरन और राम फला ने मिलकर उससे गाली गलौज करने के साथ ही लाठी डंडों से पिटाई कर दी। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आ गई। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में दूसरी मंजिल से गिरकर मजदूर हुआ घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर में बुधवार तड़के एक कैटर्स मजदूर संदिग्ध परिस्थितियों में दूसरी मंजिल से गिरकर घायल हो गया। उसे पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताते हैं कि सरोजनीनगर के चौहान पुरम निवासी रोहित (30) यहीं के रेवती कैटर्स में मजदूरी करता है। वह मंगलवार रात मकान की दूसरी मंजिल पर सो रहा था। बुधवार तड़के करीब 4 बजे अचानक दूसरी मंजिल की छत से नीचे गिर गया। उसके गिरने की आवाज सुनकर दौड़े लोगों ने उसे घायलावस्था में आनन फानन पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज जारी है। उधर सूत्रों का कहना है कि रोहित शराब के काफी नशे में था। बुधवार तड़के वह पेशाब करने उठा तो अधिक नशे में होने के कारण अचानक उसका पैर फिसल गया और वह दूसरी मंजिल की छत से नीचे जमीन पर आ गिरा। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# पीजीआई के भगवती जागरण में जमकर झूमे श्रद्धालु, लगाए माता के जयकारे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गुलाबी ठंड, खुला मंच दशहरे की रात बॉलीवुड गायिका पूर्णिमा श्रेष्ठ की एक से बढ़कर भजन और फिल्मी गीतों की प्रस्तुति। जब ये सब एक साथ ऐसा हो तो पैर अपने ही आप थिकरने लगते हैं। मंगलवार की शाम लखनऊ शहर के पीजीआई इलाके में कुछ ऐसा ही देखने को मिला। मौका था पीजीआई व्यापार मंडल व श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष की ओर से आयोजित 16 वें विशाल माँ भगवती जागरण का। रायबरेली रोड पर स्थित वृंदावन गेट पर आयोजित जागरण में मंगलवार शाम को देवी मां की पूजा- अर्चन कर जागरण की शुरूवात हुई । जागरण आयोजक कुंवर रंजीत बक्श सिंह और दुर्गेश सिंह दीपू ने मुख्य गायिका और गायक सहित झांकी कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया । देवी जागरण में गायक कलाकारों ने ऐसा समां बांधा कि पूरी रात पंडाल में बैठे लोग देवी भजनों का आनंद लेते रहे।प्रसिद्ध भजन गायक रामकुमार लक्खा जैसे ही बड़ा प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी की प्रस्तुति की। पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। उसके बाद उन्होंने राम सिया राम, हनुमान का जयकारा जो दिल से लगाएगा, बड़ा प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी सहित कई भजन गाएं ,जिसे सुनकर श्रोता भक्ति रस में डूब गए। हालांकि इस दौरान भक्ति गीतों पर श्रोता अपने को रोक नहीं पाए और मां के भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। इसके बाद लोक गायक दीपक त्रिपाठी, जूनियर शब्बीर कुमार, अनन्या सिंह ने भी एक से बढ़कर एक भजन सुनाने पर भक्तगण झमकर झूमें। कार्यक्रम में कलाकारों ने एक बाद एक माता रानी की कई भेंटें प्रस्तुत की। पंडाल में बैठे भक्त भी मातारानी की भक्ति में लीन दिखाई दिए।

### बॉलीवुड गायिका पूर्णिमा श्रेष्ठ के गीतों पर जमकर नाचे भक्तगण

इसके बाद बॉलीवुड की मशहूर गायिका पूर्णिमा श्रेष्ठ ने अपनी सुरीली, खनकती आवाज से माइक थामते ही पूर्णिमा ने शुरूवात इतनी शक्ति हमें देना दाता मन का विश्वास कमजोर हो ना से की। उसके बाद उन्होंने दिलजले फिल्म के गीत शाम है धुआं धुआं.. गीत पेश की तो बच्चे, युवतियां और महिलाएं झूमने लगे। तेरा मुझमें है पहले का नाता कोई....हीरो नंबर वन का फेमस गीत सोना कितना सोना है.. जैसे दर्जनों भजन और गीत सुनाकर लोगों का दिल जीत लिया। फिल्म राजा बाबू के गीत यू अम्मा यू अम्मा क्या करता है, लड़का होके लड़की से क्यों डरता है.. गीत गाई तो लोग अपनी कुर्सी छोड़कर फिर मंच के आगे झूमने लगे। पूर्णिमा श्रेष्ठ के गीतों पर लोग देर रात तीन बजे तक जमकर झूमे।

### कमेटी के यह लोग रहें मौजूद

दिलीप मिश्रा, अमित तिवारी महराज, आदित्य सिंह, सत्येंद्र मिश्रा उर्फ डब्बू, एडवोकेट सुरेंद्र सिंह यादव, आशीष शुक्ला, संजीव मिश्रा, मुकुल सिंह, शिवा मिश्रा, पुष्पराज सिंह, सनी पांडे, राकेश तिवारी, कमल यादव, हनुमान, फूलचंद्र, विकास बनारसी, राजा उर्फ छोटू, राकेश, श्रवण कुमार रचित, अनुज, बिंदा यादव ,समेत जागरण समिति के सदस्य व अन्य लोग मौजूद रहें।

## कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु चलाया जा रहा अभियान

सोनभद्र। कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से चलाये जा रहे जागरुकता अभियान के अंतर्गत सोनभद्र पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा अपितु शक्ति दीदी नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं/ बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कराया जाएगा।

# गाँव की बेटी ने किया नाम रोशन, नेवी अग्निवीर में हुआ चयन

### फूल माला पहनाकर ग्रामीणों ने किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झाँसी। झाँसी जिले के तहसील गरौठा अंतर्गत ग्राम कचीर निवासी संतोष सिंह परिहार की पुत्री लबलीलता का नेवी अग्निवीर में एसएसआर (सीनियर सेकेंडरी रिक्रूट) पद पर चयन हो जाने के उपरांत ग्राम में प्रथम आगमन हुआ जहाँ आयोजित सम्मान समारोह में ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।सबसे पहले लवलीलता ने डीजे व गाजे वाजे के साथ ग्राम का भ्रमण करते हुए सभी धार्मिक स्थलों पर जाकर पूजा अर्चना की और माथा टेककर ईश्वर से आशीर्वाद लिया।इसके वाद सम्मान समारोह के दौरान बोलते हुए उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता को देते हुए कहा की अपना लक्ष्य पाने के लिए हमें निरंतर पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए तभी सफलता प्राप्त की जा सकती है।वही लवलीलता के पिता संतोष कुमार ने बताया की उनकी बेटी की शिक्षा पलेरा व इंदौर मध्यप्रदेश से पूर्ण हुई है। लगातार लगन और मेहनत से पढ़ाई करने पर उनकी बेटी का चयन नेवी अग्निवीर में हुआ है।इस मौके पर आयोजित सम्मान समारोह में सभी ग्रामवासियों ने फूल माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए स्वागत किया व खुशी व्यक्त की।इस मौके पर भरोसे परिहार, पिंटू परिहार, सत्यभान कोटेदार, भानू पांचाल, कल्लू नापित मोहिनी परिहार, विश्वनाथ, धर्मेंद्र सिंह, शैलेन्द्र परिहार आदि मौजूद रहे।

## भव्य रूप से मां दुर्गा के प्रतिमा का हुआ विसर्जन, मां के भक्तों का नम हुयी आंखें

अमन लेखनी समाचार

डाला सोनभद्र। मां दुर्गा पूजा सेवा समिति द्वारा भव्य रूप से आयोजित मां दुर्गा पूजा के अंतिम क्रम में बुधवार को विशाल भंडारे के साथ मां दुर्गा के प्रतिमा को नगर में भ्रमण करवाते हुए विसर्जन किया गया।

जहां पर मां दुर्गा पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष सभी पदाधिकारी व नगर वासियों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो भंडारे का प्रसाद वितरण सुबह ग्यारह बजे से प्रारंभ हुआ पंडित मनोज शुक्ला ने समिति के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह गुड्डू पटेल से गगनभेदी मंत्रोच्चार के साथ मातारानी को पूड़ी, सब्जी, बूंदी,का भोग लगाने के बाद भंडारा प्रारंभ कराया गया जो शाम चार बजे तक वितरण किया गया। जहां नवरात्र भर मैया का गुणगान करने के पश्चात मां से मंगल कामना कर गाजे बाजे के साथ झांकी रुपी वाहन सजाकर भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। वहीं देवी मां की भक्ति में लीन होकर भक्त मां के रंग में रंगे हुए थे। विसर्जन यात्रा में महिलाएं भी बड़े तादात में पुरुषों की अपेक्षा काफी अधिक दिख रही थी भक्ति का खुमार ऐसा था कि नगर अध्यक्षा फुलवंती कुमारी भी महिलाओं के साथ नंगे पांव मैया के जयकारे लगाते और नाचते- गाते आगे बढ़ रही थी शांयकाल परासपानी स्थित तालाब में मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित किया गया भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता समेत तमाम लोग मां का प्रसाद ग्रहण किया जहां नगर के सभी सामाजिक , समाजसेवी लोगों के साथ डाला नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी देवहूति पाण्डेय ने भी मां दुर्गा के चरणों में माथा टेका व प्रसाद ग्रहण किया जहां सुरक्षा व्यवस्था में चौकी इंचार्ज संजय कुमार सिंह मय पुलिस फोर्स के साथ डटे रहे। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन, डॉ आर के सिंह, सुधीर सिंह, सुभाष पाल, रामबली मिश्रा, मुन्ना मिस्त्री, दिनेश जैन, राकेश जयसवाल, श्रीनिवास यादव, अवनीश पांडे, अंशु पटेल, विकास जैन, राजू शुक्ला, त्रिभुवन पांडेय, गोविन्द भारद्वाज, अमित मिश्रा, शिव कुमार प्रशांत पाल राजवंश चौबे जगदीश तिवारी ईश्वर जयसवाल निरज पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# झाँसी की ऐतिहासिक धरोहर कला मंदिर को मिटाने का किया जा रहा प्रयास

### शिकायतों के बाद भी प्रशासन बेसुध, ऐतिहासिक इमारत कला मंदिर हुई ध्वस्त

अमन लेखनी समाचार

झाँसी। संपूर्ण विश्व में जनपद को झांसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई के नाम से जाना जाता है जिन्होंने प्रथम स्वाधीनता संग्राम में अंग्रेजों को खदेड़कर स्वयं को नारी शक्ति के रूप में स्थापित किया। बहुत कम ऐसे उदाहरण देखे गए हैं जब किसी महिला द्वारा आक्रमणकारियों के विरुद्ध युद्ध कर वीरता का उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। रानी झांसी से संबंधित सभी ऐतिहासिक स्थलों को पुरातत्व विभाग ने अपने अधीन ले रखा है लेकिन कुछ स्थान ऐसे हैं जो पुरातत्व विभाग की अनदेखी के कारण दबंग भूव्यवसाईयों द्वारा कब्जा किये जा रहे हैं। झाँसी के शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुरानी पसरट में मनोरंजन स्थल कला मंदिर टॉकीज जिसे कुछ भूव्यवसाइयों द्वारा कब्जे में लिया जा रहा है इस ऐतिहासिक स्थल पर बना हुआ मंदिर पूर्व में ही ध्वस्त किया जा चुका है।



स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस ऐतिहासिक धरोहर को नष्ट कर वहां बहुमंजिला मार्केट बनाया जा रहा है जिससे भूव्यवसाईयों के करोड़ों में वारे न्यारे होने जा रहे हैं, इस ऐतिहासिक स्थल के नीचे एक सुरंग भी है जो किले तक जाती है जहां धन होने का लालच भी दबंगों को इस ओर आकर्षित कर रहा है जबकि यह स्थल आजादी के पूर्व से ही झाँसी प्रशासन के अधीन था लेकिन जिले के दबंग भूव्यवसायी इतिहास को धन के लालच में धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। इस ऐतिहासिक इमारत को बचाने के लिए कई संगठनों द्वारा शिकायत जिला प्रशासन से की गई लेकिन इस संबंध में प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसके चलते दबंग के हौसले बुलंद है और वे लगातार अवैध रूप से निर्माण कार्य करते चले आ रहे हैं। इस ओर जिला प्रशासन, पुरातत्व विभाग और मनोरंजन विभाग सहित झाँसी विकास प्राधिकरण और नगर निगम को भी अपना ध्यान आकर्षित करना होगा एवं ऐसे ऐतिहासिक स्थलों को चिन्हित करना होगा जिनकी प्रमाणिकता हमारा इतिहास देता है।

# आयोजित राम लीला में लंका दहन का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के एक कस्बे मे आज सातवें दिन की श्री सार्वजनिक रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित कस्बे के कलाकारों द्वारा रामलीला मे लंका दहन तक की लीला का मंचन किया गया ।

फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत ऊगू चल रही रामलीला मे आज सातवे दिन की लीला मे बाली बध की से लेकर लंका दहन की लीला का मंचन किया गया जिसमें हनुमान जी जब लंका पहुचे जहाँ अक्ष्य कुमार का बध कर दिया जब यह सूचना रावण को मिली तो तुरत अपने पुत्र मेघनाद को भेजा जो ब्रम्ह पास मे बांधकर हनुमान को दरबार में पेश किया जिसमें हनुमान ने समूची लंका को ही जला दिया यहां तक की लीला का मंचन किया गया। जिसमें नगर तथा क्षेत्र के सैकडों लोगो ने लीला का आलोकन विलोकन किया इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष राहुल पटेल महामंत्री अवधेश दीक्षित नगर के पूर्व चेयरमैन अनुज कुमार दीक्षित कृष्ण कुमार द्विवेदी सुनील शास्त्री रामचन्द्र तिवारी अजय द्विवेदी विवेक दीक्षित आदर्श दीक्षित शुभम दीक्षित आदि सभी मौजूद रहे ।

## बड़ी माता मंदिर पर कन्या भोज का हुआ आयोजन

### सैकड़ों कन्याओं व भक्तों ने चखा प्रसाद

गरौठा, झांसी। गरौठा के ग्राम कचीर में बड़ी माता मंदिर प्रांगण में नवदुर्गा कमेटी द्वारा विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया।कन्याभोज से पूर्व पंडित दिनेश शर्मा द्वारा विधि विधान से देवी माँ का पूजन अर्चना किया गया।इसके बाद बड़ी माता नवदुर्गा कमेटी के सभी सदस्यों ने कन्याओं का पूजन किया।कन्याओं के पैर पखारकर व तिलक लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया। इसके बाद आयोजित विशाल कन्या भोज में ग्राम की सैकड़ों कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अंत में सभी कन्याओं व ब्राह्मणों को दान दक्षिणा देकर विदा किया गया।इस मौके पर पंडित ओमप्रकाश तिवारी, बाबू गौतम, जानकी पाल, हेमंत यादव, अरविंद्र प्रजापति, रविंद्र सिंह परिहार, धर्मेन्द्र सिंह, भानसिंह परिहार, राकेश नापित, जसपाल, मेहरवान यादव, संदीप पांचाल, शिशुपाल यादव, स्वतंत्र यादव, हरिओम यादव, सत्यम पांचाल, गोविंद परिहार आदि मौजूद रहे।

## सरकार द्वारा बच्चों व महिलाओं के संरक्षण को सुनिश्चित करने हेतु मिशन वात्सल्य व मिशनशक्ति योजनाओं का किया जा रहा संचालन

**योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मंडल स्तरीय कार्यशाला का किया गया आयोजन**

**विभिन्न विभागों और गैर सरकारी संगठनों के मध्य कन्वर्जेन्स पर दिया गया जोर**

**मंडल स्तरीय विस्तृत कार्ययोजना की गई विकसित**

**विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं के प्रभावी संचालन हेतु आपस में समन्वय जरूरी – मंडलायुक्त**

**मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का किया गया शुभारम्भ**

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर - मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चे को सुरक्ष संरक्षण और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा दो प्रमुख पलैगशिप योजनायें यथा मिशन वात्सल्य एवं मिशन शक्ति की शुरूवात की गई है। मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंतन के द्वारा कार्यशाला शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। योजनाओं को धरातल पर उतारने और प्रदेश के अंतिम छोर पर जीवनयापन करने वाले परिवारों की महिलाओं और बच्चों को इन योजनाओं से लाभान्वित करते हुये परिवार को सशक्त करने के उददेश्य से मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपने सभी प्रमुख कार्यक्रम को दो प्रमुख अम्ब्रेला योजनाओं मिशन शक्ति एवं मिशन वात्सल्य के अंतर्गत वगीर्कृत किया गया है। दोनों योजनाओं का मुख्य लक्ष्य महिलाओ तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास व उनके संरक्षण एवं सशक्तिकरण को सुनिश्चित किया जाना है। मिशन वात्सल्य का लक्ष्य है जोखिमपूर्ण एवं कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना योजना के अंतर्गत नवाचार और को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति योजना शुरू की गई है जिसके अर्न्तगत विभिन्न विभागों के कन्वेंजन्स के माध्यम से मिशन लक्ष्यों की प्राप्त किया जाने को महत्वता दी गई है। प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रत्येक मंडल में इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ऐसी कार्यशालायें आयोजित की जा रही हैं।

## समस्याओं का समाधान न किए जाने से नाराज भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पर दिया धरना

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। करीब 10 माह पहले दिए गए आश्वासन के बाद भी समस्याओं का समाधान न किए जाने से नाराज भारतीय किसान यूनियन कार्यकताओं ने बुधवार को सरोजनीनगर तहसील कार्यालय पर धरना दिया। धरना दे रहे संगठन के कार्यकताओं का कहना था कि परवर पश्चिम में खसरा संख्या 314 व 354 पर अवैध खनन की कई माह पहले कई की गई शिकायत के बाद भी तहसील अधिकारियों द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि सरोजनीनगर के 10 बीघे से कम तालाबों को मछली पालन के लिए बोली लगाकर पात्र व्यक्तियों को दिया जाए। उन्होंने परवर पश्चिम में सविता देवी की जमीन को दबंगों के हाथों से कब्जा मुक्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कल्ली पश्चिम में खसरा नंबर 165, 170क, 171ख तालाब, 175च और 1839ट ऊसर की कुल रकबा 16.748 हेक्टेयर भूमि फर्जी तरीके से अंकित खातेदार का नाम 23 मार्च 2018 को एसडीएम और सदर मजिस्ट्रेट द्वारा निरस्त कर दिया गया, लेकिन खतौनी से अभी तक उनके नाम खारिज नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि कल्ली पश्चिम की खसरा संख्या 162च, 169क, 236ख, 237ग, 350, 208 व 190 पर प्रॉपर्टी डीलर द्वारा कब्जा कर बेचा जा रहा है। जिसे जाँच कर खाली कराने के साथ ही प्रॉपर्टी डीलरों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। संगठन के कार्यकताओं ने नीवा में गाटा संख्या 1360 और 1361 की ऊसर में दर्ज भूमि पर जारी अवैध कब्जे को हटाने की भी मांग की। साथ ही बेहसा में स्थित भूमि खसरा संख्या 39 व 42 का सीमांकन कराकर खाली कराने की मांग की इसके अलावा सरोजनीनगर के पूरे क्षेत्र में आवारा छुट्टा जानवरों को पकड़कर गौशालाओं में पहुंचाने की मांग की। इस दौरान किसान यूनियन कार्यकताओं ने कहा कि संगठन की मांग पर 14 बिंदुओं को लेकर 27 दिसंबर 2022 को सभी का निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन अब तक किसी भी बिंदु पर कार्य नहीं किया गया। आज आयोजित धरने के दौरान किसान यूनियन कार्यकताओं ने एक 13 सूत्रीय मांग पत्र सरोजनीनगर एसडीएम को सौंपा।

# दो पक्षो में खूनी संघर्ष, आठ घायल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। हुलासखेड़ा गांव में एक माह पहले खेत मे जुआ खेलने से मना करने पर दबंगो ने किसान की पिटाई कर दी थी, पीड़ित की शिकायत के बाद भी पूरे मामले में लापरवाह बनी पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की थी ओर दबंगो के हौसले बढ गये थे ओर वो रजिंश मनाने लगे थे, बीते सोमवार की रात मनबढ दबंगो ने अपने परिवार के साथ मिलकर बीते सोमवार कि देर रात किसान के घर धावा बोलकर लाडी-डंडो व सरिया से हमलाकर कर जान से मारने की नियत से किसान समेत उसकी मां, भाई व चाचा की जमकर पिटाई कर हाथ तोड़ दिया।जिसके बाद चीख-पुकार सुनकर जुटे पीड़ित किसान के परिवार ने भी दबंगो की भी पिटाई शुरू की तो वो जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकलें।मारपीट की घटना में दोनो पक्षो के आठ लोग घायल हो गये थें।दोनो पक्षो की तहरीर पर पुलिस दर्जन भर लोगो के विरूद्व क्रास मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी हैं।

मोहनलालगंज के हुलासखेड़ा गांव निवासी हिमांशु द्विवेदी ने बताया बीते सोमवार को पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी रामदेव अपने भाई बब्लू, व बेटो कुंज बिहारी, चन्द्रशेखर व बेटी सन्नो व पत्नी के साथ लाठी डंडो व लोहे की सरियों से लैस होकर घर आ धमके ओर जान से मारने की नियत से डंडो व सरिये से सिर पर ताबडतोड़ कई वार कर करने के बाद हाथ तोड़ दिया, इस दौरान बीच बचाव को आयी मां किरन, भाई मनीष व चाचा मुकेश की भी बुरी तरह पिटाई कर सिर फोड़ दिया।चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनो ने आरोपियों की पिटाई शुरू की तो वो जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकलें।पुलिस को सूचना देने के बाद सीएचसी पहुंचे घायलो की हालत गम्भीर देख डाक्टर ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।इलाज कराने के बाद मगंलवार को पीड़ित हिमांशु ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की।वही दूसरे पक्ष के चन्द्रशेखर ने भी प्रथम पक्ष के हिमांशु व उसके परिवार पर घर में घुसकर मारपीट करने समेत जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाते हुये शिकायत की।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया दोनो पक्षो की तहरीर पर आधा-आधा दर्जन लोगो के विरूद्व क्रास मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी हैं।

### सड़क हादसे में दो बाइकों की भिड़ंत में सिपाही गंभीर रूप से घायल

लखनऊ। मंगलवार को बाइक की टक्कर से एक पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पुलिस कर्मी को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। रहीमाबाद थाने पर तैनात पुलिस कांस्टेबल कुमार शानू की दशहरे मेले में ड्यूटी लगी थी। मंगलवार शाम करीब साढ़े 8 बजे कांस्टेबल कुमार शानू मेले की ड्यूटी से वापस बाइक से रहीमाबाद थाने लौट रहा था। तभी कृषि फार्म के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सिपाही कुमार शानू गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे बाइक सवार सुरेंद्र को हल्की फुल्की चोट पहुंची है। दोनों घायलों को पुलिस ने एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जंहा गंभीर रूप से घायल सिपाही का इलाज चल रहा है।

## देवी माँ की प्रतिमाओं का धूमधाम के साथ हुआ विसर्जन

### माता रानी को भक्तों ने नम आँखों से दी विदाई

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झाँसी। नौ दिन से दुर्गा पांडालों में विराजमान देवी माँ की प्रतिमाओं का धूमधाम के साथ विसर्जन कर दिया गया। भक्तों द्वारा नम आँखों से माता रानी को विदाई दी गई। कसवा गरौठा सहित आस पास के लगभग सभी ग्रामों में दुर्गा पांडालो में माँ दुर्गा की प्रतिमाएं विराजित की गई थी। नौ दिनों तक भक्तों द्वारा माता रानी की आरती एवं पूजा उपासना की गई। मंगलवार को देवी माँ की प्रतिमाओं को नम आँखों से विदाई देकर धूमधाम से विसर्जित कर दिया गया। कसवा गरौठा में विभिन्न स्थानों पर पांडालों में विराजमान देवी माँ की प्रतिमाओं का एक साथ डीजे एवं गाजे बाजे के साथ सम्पूर्ण नगर में भ्रमण कराया गया। इसके पश्चात नम आँखों से प्रतिमाओं को लखेरी नदी में विसर्जित कर दिया गया।सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से कोतवाली पुलिस गरौठा व फायर ब्रिगेड की टीम मौजूद रही।वही ग्राम कचीर में दुर्गा पांडालो में विराजमान देवी माँ की प्रतिमाओं का धूमधाम से धसान नदी में विसर्जन कर दिया गया। माता रानी की विदाई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामवासी भक्तजन मौजूद रहे। विसर्जन से पूर्व माता रानी की शोभायात्रा में शामिल सभी भक्त माता रानी के जयकारों का उद्घोष करते हुए डीजे की धुन पर थिरकते नजर आये।इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी व कमेटी के सदस्यगण मौजूद रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# रणवीर ने जौहर को कह दिया ठरकी अंकल...

**मुंबई।** करण जौहर का सबसे चर्चित रियलिटी शो 'कॉफी विद करण' 26 अक्टूबर से स्ट्रीम होने वाला है। रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण करण के पहले गेस्ट बनकर आए हैं। दरअसल, हुआ यूं कि करण दीपिका और रणवीर को उनके लुक्स के लिए कॉम्प्लीमेंट करते हैं, तो इस पर रणवीर कहते हैं कि थैंक्यू ठरकी अंकल। एक्टर की इस बात का जवाब देते हुए करण जौहर कहते हैं कि 'तुझसे तो मैं बाद मं बात करूंगा। शो का प्रोमो बेहद मजेदार नजर आ रहा है, जहां रणवीर सिंह शो के होस्ट करण जौहर की खिंचाई करते हुए नजर आ रहे हैं वहीं करण भी उनकी खिंचाई कर रहे हैं।

लाइफ Style

# संजना

## 'धक धक' का प्रचार न करने का मलाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री संजना संघी हाल ही में फिल्म 'धक धक' में नजर आई थीं, जिसे समीक्षकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली पर यह दर्शकों को लुभाने में नाकाम रही। तरुण डुडेजा के निर्देशन में बनी यह एक एडवेंचर ड्रामा फिल्म है, जिसमें संजना के साथ फातिमा सना शेख, दीया मिर्जा और रत्ना पाठक 4 बाइकर के किरदार में नजर आई हैं।

अब संजना ने फिल्म के लिए अपनी तैयारी से लेकर इसके बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन और प्रचार को लेकर बात की। एक बातचीत के दौरान संजना ने बताया कि फिल्म की रिलीज से एक हफ्ते पहले तक इसका प्रचार न कर पाने की उन्हें काफी चिंता थी, लेकिन उन्होंने इंडस्ट्री के लिए स्क्रीनिंग का आयोजन किया। शबाना आजमी, विद्या बालन, अली फजल, नसीरुद्दीन शाह सहित कई सितारों ने उनकी फिल्म देखी, जिनकी राय उनके लिए बहुत मायने रखती थी। अभिनेत्री कहती हैं कि इसके अलावा समीक्षा और दर्शकों की राय से भी उन्हें कोई शिकायत नहीं है।

इस दौरान संजना ने फिल्म के लिए बाइक चलाने का अपना अनुभव भी साझा किया, जिसके लिए उन्होंने काफी तैयारी की थी। उन्होंने कहा, बाइक चलाने मेरे लिए एकदम नया था, जिसे मुझे सीखना था। फिल्म में सभी सीन को हमने खुद ही शूट किया था। अभिनेत्री कहती हैं कि शूटिंग के दौरान हिमालय पर 250 किलो वजनी रॉयल एनफील्ड की सवारी करना कोई मजाक नहीं है। इसके लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, लेकिन यह सब शानदार था। संजना ने 13 साल की उम्र में बतौर बाल कलाकार रणबीर कपूर की फिल्म 'रॉकस्टार' से शुरुआत की थी।



हॉलीवुड मसाला



# काइली को मिल गया नया प्यार


काइली जेनर ने अपने नए रिश्ते पर सबके सामने लगा दी मुहर

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में मशहूर मॉडल काइली जेनर ने हॉलीवुड एक्टर तिमोथी क्लेनेट के साथ अपने रिश्ते पर आखिरकार मुहर लगा दी है। कपल ने खुल्लम खुल्ला एक-दूसरे के प्रति अपने प्यार का इजहार किया है। काइली और तिमोथी एक वीडियो में एक-दूजे को किस करते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल, काइली और तिमोथी पॉपुलर सिंगर बेयोंसे के लॉस एंजिल्स में आयोजित एक कॉन्सर्ट में शरीक हुए थे।





# 81 मिनट की फिल्म देख उड़ी नींद, गिनीज बुक में हुई शामिल

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में फिल्मों के बनने की कहानी बड़ी खास होती है। कई बार छोटे स्तर पर हुई शुरुआत इतनी बड़ी फिल्म बनकर सामने आती है कि पूरी दुनिया उससे हिल जाती है। ऐसी ही एक फिल्म 90 के दशक में आई थी, जिसने पूरी दुनिया में तहलका मचा दिया था। हम बात कर रहे हैं हॉरर फिल्म 'द ब्लेयर विच प्रोजेक्ट' की जो साल 1999 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के बनने और फिर सफलता की इबारत लिखने की कहानी काफी खास है। इस फिल्म का स्क्रीनप्ले 35 पेज का लिखा गया था और 20 घंटे के फुटेज के जरिए इस फिल्म को बनाया गया था। फिल्म की प्रिंसिपल फोटोग्राफी सिर्फ 8 दिन में हो गई थी लेकिन फिल्म को एडिट करके फाइनल करने में 8 महीने का समय लगा था। यह फिल्म केवल 81 मिनट की थी।



# फिल्म 'अपूर्वा' की पहली झलक आई सामने

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री तारा सुतारिया पिछले कुछ वक्त से अपनी आगामी फिल्म 'अपूर्वा' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इसमें राजपाल यादव और अभिषेक बनर्जी भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने सोमवार 23 अक्टूबर को 'अपूर्वा' से तारा का फर्स्ट लुक जारी कर दिया है, जिसमें वह बेहद अलग अवतार में नजर आ रही हैं। सामने आए फिल्म के अन्य पोस्टर पर तारा, राजपाल और अभिषेक की एक साथ झलक देखने को मिल रहा है। यह फिल्म 15 नवंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। तारा ने फिल्म से अपना लुक साझा करते हुए लिखा, 'जब बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं दिखता, तो अपूर्वा अंदर चली जाती है।




# 'गणपत' को नहीं मिला छुट्टी का फायदा

**मुंबई।** टाइगर श्रॉफ की 'गणपथः ए हीरो इज बॉर्न' कई बार टलने के बाद आखिरकार बीते शुक्रवार 20 अक्टूबर सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। जहां एक्शन से भरपूर इस फिल्म को समीक्षकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं तो वहीं दर्शकों को इसकी कहानी कुछ खास पसंद नहीं आ रही, जिसके चलते 'गणपत' रिलीज के पहले दिन से दर्शकों के लिए तरस रही है। यही वजह है कि फिल्म को रविवार की छुट्टी का भी कोई फायदा नहीं मिला। अब 'गणपत' की कमाई के तीसरे दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जो रविवार की छुट्टी के मुताबिक बहुत कम हैं। बॉक्स ऑफिस के मुताबिक, फिल्म में रिलीज के तीसरे दिन महज 2.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया है, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 7 करोड़ रुपए हो गया है।

टीवी मसाला

# वायुसेना में जाना चाहते थे अमिताभ लंबी टांगों के कारण हुए रिजेक्ट...

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन के फैंस उनके हर अदा के कायल हैं। बिग बी ने बताया कि उन्होंने अपने प्रोफेशनल करियर की शुरुआत कोलकाता में एक ब्रिटिश मैनेजिंग एजेंसी के एक्जीक्यूटिव के तौर पर की थी। बतौर एक्जीक्यूटिव उनकी पहली सैलरी 1640 रुपए थी। दरअसल, शो के एपिसोड 49 में हॉट सीट पर पहुंचे हरियाणा के अंबाला के रहने वाले जितेंद्र कुमार ने बताया कि 'सर, मैं वायुसेना में शामिल होना चाहता था। मैंने सीडीएस और एनडीए एग्जाम का कई बार प्रयास किया। मेरा एनडीए एसएसबी इंटरव्यू इलाहाबाद में हुआ लेकिन मैं इसे पास नहीं कर सका। मैं निराश होने लगा था। मेरे एक दोस्त ने मुझे आपके बारे में बताया था कि अमिताभ बच्चन ने वायुसेना में शामिल होने की कोशिश की थी। मैं जानना चाहता हूं कि क्या यह सच है सर। इसके जवाब में बिग बी ने कहा, 'जब मैं स्कूल से पास हुआ मुझे नहीं पता था कि मुझे क्या करना चाहिए। दिल्ली में मेरे घर के ठीक सामने, सेना के एक मेजर जनरल रहते थे। मैं उनसे अक्सर मिलता था। उन्होंने एक दिन मेरे पिता से कहा, 'मुझे यह लड़का चाहिए। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि वह एक आर्मी ऑफिसर बने। मैंने सोचा कि मैं ऐसा करूंगा। मैंने इसकी कोशिश की, लेकिन यह बेकार रहा। जब मैं इंडियन एयरफोर्स का इंटरव्यू देने गया तो उन्होंने मुझे मेरे लंबे पैरों की वजह से रिजेक्ट कर दिया था।



# जीजाजी जेठालाल संग सुंदर ने सेलिब्रेट की नवरात्रि ...

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा टीवी इंडस्ट्री का मोस्ट पॉपुलर सिटकॉम है। शो के सभी कैरेक्टर फैंस के फेवरेट हैं। शो में जेठालाल और सुंदर की जीजा-साला की जोड़ी को फैंस काफी पसंद करते हैं। उनके बीच का खट्टा-मीठा रिश्ता गजब का है। शो में सुंदर का रोल निभाने वाले एक्टर मयूर वकानी ने इंस्टाग्राम पर कई सारे वीडियोज और फोटोज शेयर किए हैं। फोटोज और वीडियोज में वो एक्टर दिलीप जोशी के साथ नवरात्रि सेलिब्रेट करते नजर आ रहे हैं। हालांकि फैंस दयाबेन दिशा वकानी को भी काफी मिस कर रहे हैं। गरबा नाइट की फोटो और वीडियो शेयर किए हैं। इसमें दिलीप जेठालाल का मोर वाला स्टेप भी करते नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- ये जोड़ी अनोखी है...इस फ्रेम में दयाबेन को मिस कर रहे हैं।



# सुष्मिता की 'आर्या 3' का प्रोमो वीडियो जारी...

**मुंबई।** सुष्मिता सेन को आखिरी बार वेब सीरीज 'ताली' में देखा गया था, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर उपलब्ध है। आने वाले दिनों में सुष्मिता वेब सीरीज 'आर्या' के तीसरे किस्त 'आर्या 3' में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी। सामने आए प्रोमो वीडियो में सुष्मिता अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए दुनिया से भिड़ती दिखाई दे रही हैं। 'आर्या 3' का प्रीमियर 3 नवंबर को डिज्नी+ हॉटस्टार पर किया जाएगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने आधिकारिक एक्स पर 'आर्या 3' का प्रोमो वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'भ्रष्टाचार के सामने अच्छी बात यह है कि एक बार कायम करने का समय आ चूका है। शेरनी तैय्यार है।' इसका निर्देशन राम माधवानी द्वारा किया गया है। 'आर्या' के पहले और दूसरे सीजन के बाद से ही दर्शक इसके तीसरे सीजन का ब्रेसबी से इंतजार कर रहे हैं। अब 'आर्या 3' का प्रोमो वीडियो सामने आ चुका है, जिसमें सुष्मिता जबरदस्त एक्शन करती नजर आ रही हैं।




# कभी मुहल्ले में लड़कों की तरह करती थीं दादागीरी

**मुंबई।** बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्रियों में शुमार मलाइका अरोड़ा जो कुछ भी पहनती हैं, वह स्टाइल बन जाता है। अगर हम कहें आज की फैशन आइकॉन मलाइका अरोड़ा किसी जमाने में इससे बिल्कुल उलट लड़कों की तरह कपड़े पहनकर घूमती थीं तो आपको कैसा लगेगा...? लेकिन यह बिल्कुल सच है। अपने डांस के हुनर के दम पर मलाइका अरोड़ा ने बॉलीवुड में पहचान पाई। वह अपने जमाने की टॉप आइटम गर्ल्स में शुमार थीं, जिन्होंने 'छैया-छैया', 'मुन्नी बदनाम हुई' जैसे कई गानों पर परफॉर्मेंस देकर लोगों के बीच पहचान बनाई थी। आज अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के जन्मदिन के मौके पर जानते हैं उनकी निजी जिंदगी।

### लड़कों के कपड़े और वैसा ही टशन

23 अक्टूबर 1973 को मुंबई के ठाणे में जन्मी मलाइका अरोड़ा आज जितनी ग्लैमरस और फैशनेबल हैं, बचपन की मलाइका उतनी ही स्टाइल के मामले में सीधी-साधी नहीं थीं। दरअसल, कुछ रिपोर्ट्स में मलाइका के बचपन के बारे में दावा करते हुए बताया जाता है कि वह बिल्कुल लड़कों की तरह रहती थीं। इतना ही नहीं आज लड़कों के दिलों की धड़कन बढ़ाने वाली मलाइका स्कूल के दिनों में सभी पर दादागिरी करती नजर आती थीं।



जन्मदिन विशेष ...

### सपना था टीचर बनने का बन गईं हीरोइन

बचपन में महज 11 साल उम्र में अपने माता-पिता का तलाक देखने वाली मलाइका ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वह इस चकाचौंध भरी दुनिया में कदम रखेंगी। उन्होंने हमेशा से ही एक टीचर बनने का सपना देखा था लेकिन मलाइका ने बहुत ही कम उम्र में वीडियो जॉकी की तरह अपने करियर की शुरुआत कर दी थी।

### वीडियो जॉकी के बाद मॉडलिंग और डांस

क्लब एमटीवी जैसे शोज में वीडियो जॉकी की तरह काम करने के बाद मलाइका ने मॉडलिंग की दुनिया की ओर रुख कर किया। अभिनेत्री मॉडलिंग के साथ अपने डांस की वजह से हमेशा चर्चाओं में रहती थीं। ऐसे में उन्होंने बॉलीवुड की कई फिल्मों में आइटम नंबर किए हैं। फिल्मों में आने से पहले मलाइका अरोड़ा विज्ञापनों में काम किया करती थीं।

## सुपरस्टार बनने के बाद भी पाई-पाई को मोहताज रहा यह 'बाहुबली'

# एक-दो नहीं, 6000 लड़कियों के दिल तोड़ चुके प्रभास

*नई दिल्ली। साउथ फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की जिंदगी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। न..न.. करते हुए फिल्मों में आना और फिर एक फिल्म करके इंटरनेशनल स्टार बन जाना आम बात नहीं है। जी हां, हम बात कर रहे हैं अभिनेता प्रभास की जिनका जन्म 23 अक्टूबर 1979 को एक फिल्मी परिवार में हुआ था। फिल्मी परिवार होने के बावजूद प्रभास को फिल्मों में जरा भी दिलचस्पी नहीं थी और वह बिजनेस मेन बनना चाहते थे।*

### बाहुबली का डॉयलाग फिट बैठता है जिंदगी में


बाहुबली में प्रभास द्वारा बोला गया डॉयलॉग 'सोच अगर पक्की हो तो तिनका भी तलवार में बदल सकता है...' यूं तो यह एक फिल्म का डायलॉग है, लेकिन किसी छोटी-मोटी फिल्म का नहीं। यह डायलॉग उस फिल्म का है, जिसने साउथ सिनेमा के साथ ही उसमें काम करने वाले अभिनेताओं को भी दुनियाभर में मशहूर कर दिया था। प्रभास का यह डायलॉग उनकी जिंदगी पर बिल्कुल सटीक बैठता है।

### नहीं बनना चाहते थे अभिनेता

23 अक्टूबर 1979 को एक फिल्मी परिवार में जन्मे प्रभास को फिल्मों में जरा भी दिलचस्पी नहीं थी। ताज्जुब की बात है कि बचपन से ही फिल्मों से जुड़े रहने वाले लोगों के बीच रहने के बावजूद प्रभास का मन सिनेमा में न होकर बिजनेस की ओर दौड़ता था। अभिनेता शुरू से ही अपना बिजनेस खोलकर उसमें आगे बढ़ना चाहते थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

### प्रभास ने 2000 में ईश्वर से किया डेब्यू

प्रभास ने साल 2000 में रिलीज हुई फिल्म 'ईश्वर' से डेब्यू किया था लेकिन यह फिल्म कमाल दिखाने में असफल रही। हालांकि, अभिनेता की दूसरी फिल्म 'वर्षम' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा करने में कामयाब रही थी। इसके बाद प्रभास ने बैक-टू-बैक कई फिल्मों में काम किया, जिनमें कुछ हिट रहीं तो कुछ फ्लॉप।



### धीरे-धीरे फिल्म जगत में प्रभास की अच्छी पकड़ बन गई

इतने प्रपोजल्स किए रिजेक्ट बता दें कि 'बाहुबली' की चाल-ढाल, रूप-रंग और राजाओं जैसे आचरण से प्रभावित होकर पूरे देशभर से तकरीबन 6000 लड़कियों ने प्रभास को शादी के प्रस्ताव भेजे थे, लेकिन अफसोस अभिनेता ने उन सभी का दिल तोड़ दिया. प्रभास आज भी अकेले ही जिंदगी गुजार रहे हैं।

### चाचा ने फिल्म में दिया हीरो का रोल

प्रभास ने अचानक अपने बिजनेसमैन बनने के सपने को छोड़कर अभिनेता बनने की क्यों ठानी इसके पीछे एक कहानी है। बिजनेसमैन बनने का सपना लिए बड़े हुए प्रभास की जिंदगी को बदलने का काम उनके चाचा ने किया था। दरअसल, अभिनेता के चाचा एक फिल्म बना रहे थे, जिसके हीरो में प्रभास एक दम फिट बैठते थे। ऐसे में चाचा ने मिन्नतें करके प्रभास को मनाया और कुछ इस तरह अभिनेता ने अपने करियर की शुरुआत की।

### 'बाहुबली' के बाद पाई-पाई को मोहताज

हिट और फ्लॉप का यह सिलसिला चल ही रहा था कि प्रभास को एसएस राजामौली की फिल्म 'बाहुबली' का ऑफर मिला। इस फिल्म को साइन करने से पहले अभिनेता के सामने एक शर्त रखी गई थी, जो यह थी कि पांच साल तक वह किसी भी दूसरे प्रोजेक्ट पर काम नहीं करेंगे। प्रभास ने इस शर्त को कुबूल करने का रिस्क उठाया और 'बाहुबली' बनकर पूरी दुनिया में धमाल मचा दिया था। पांच साल तक कोई भी फिल्म साइन न करने की वजह से प्रभास पाई-पाई को मोहताज हो गए लेकिन 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2' की सक्सेस ने सब ठीक कर दिया।